Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 257 | शनिवार, 26 सितम्बर-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 60 करोड़ नागरिक कवर, 48 करोड़ से ज्यादा कार्ड बने, 13 करोड़ लोगों ने लिया स्कीम का फायदा

वेलकम इंडिया, नेटवर्क




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की लोगों तक अच्छी और सस्ती हेल्थकेयर पहुंचाने के मकसद से शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के आठ साल पूरे हो गए हैं। खास बात ये है कि अब तक इस स्कीम के दायरे में 60 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी आ चुके हैं। 39,000 से ज्यादा सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों के जरिए 13 करोड़ से ज्यादा लोगों ने 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का इलाज कराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर इस संबंध में एक पोस्ट किया है। इसमें पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के आठ साल के पड़ाव का जिक्र किया।

### जेपी नड्डा ने शेयर किए आंकड़े

ताजा आंकड़े शेयर करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि इस योजना के तहत 60 करोड़ से ज्यादा लोग कवर किए गए हैं और 48.5 करोड़ से ज्यादा कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने इन आंकड़ों के मानवीय असर पर जोर दिया और बताया कि कैसे परिवार मेडिकल खर्च के बोझ से बचे हैं। मरीजों को समय पर इलाज मिला है और परिवार बिना आर्थिक तंगी के डर के बीमारी का सामना कर पा रहे हैं।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ ने बताई स्कीम की बड़ी बातें

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ सुनील कुमार बरनवाल ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) ने 13 करोड़ से ज्यादा इलाज दिए हैं और 48 करोड़ से ज्यादा कार्ड बनाए हैं।

उन्होंने बताया कि एआई पर आधारित फ्रॉड डिटेक्शन और बढ़े हुए डिजिटल स्वास्थ्य सुविधा प्लेटफॉर्म इस स्कीम को मजबूत कर रहे हैं।

पिछले 8 साल में अब तक 48 करोड़ से ज्यादा कार्ड बन चुके हैं और यह कार्ड उन्हें गारंटी देता है कि परिवार में 5 लाख तक का इलाज मुफ्त होगा। इस योजना के तहत करीब 2000 प्रक्रियाएं शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि लगातार कार्ड बनाने की यह योजना अभी भी चल रही है। इस योजना के तहत 7 करोड़ से ज्यादा लोग कवर होंगे, इसलिए हम और लोगों को कार्ड दे रहे हैं। रास्ता स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी है।

सुनील कुमार बरनवाल ने कहा कि पिछले 8 सालों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जितने लोगों का इलाज हुआ है और गरीब परिवारों के पैसे बचे हैं, वह एक बड़ी उपलब्धि है। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 करोड़ से ज्यादा लोगों का इलाज हुआ है और इस पर खर्च हुई रकम 2 लाख करोड़ से ज्यादा है।

### ये दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्कीम: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि आयुष्मान भारत ने लाखों लोगों के लिए हेल्थकेयर तक पहुंच को बदल दिया है। उन्होंने इसे दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ एश्योरेंस स्कीम बताया। उन्होंने 60 करोड़ से ज्यादा लोगों को मिलने वाले सालाना 5 लाख रुपये के हेल्थ कवर पर जोर दिया और कहा कि इस योजना से मेडिकल खर्च में बचत हुई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को फायदा पहुंचा है।
पीएम मोदी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के जरिए लोगों के करीब हेल्थकेयर पहुंचाने के विस्तार पर भी जोर दिया, जहां 500 करोड़ से ज्यादा विजिट दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह सफर आसान और सस्ती हेल्थकेयर के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

## यूपी वालों को कट्टे, गैंगवार और परिवारवाद वाले राज की याद दिलाकर सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा तय कर गये अमित शाह

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश की राजनीति चुनावी मोड में प्रवेश कर चुकी है। एक तरफ समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों और राजनीतिक प्रभाव को लेकर खींचतान के संकेत दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, उद्योग और वैश्विक व्यापार का बड़ा मंच सजाया गया है। इसी माहौल में उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के चौथे संस्करण का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विकास की तस्वीर पेश की। दोनों नेताओं के भाषणों में साफ तौर पर कानून-व्यवस्था, निवेश, विनिर्माण, निर्यात और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने को प्रमुखता दी गई। अमित शाह ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के पुराने और वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य की तुलना करते हुए कहा कि कभी यहां अपराध की उद्योग जैसी व्यवस्था की चर्चा होती थी, शहरों में वाहन चोरी के कुटीर उद्योग और अवैध कट्टा निर्माण की बात होती थी, लेकिन आज उसी प्रदेश में कट्टा उद्योग की जगह रक्षा गलियारा, वाहन चोरी की जगह वाहन निर्माण और चेन झपटमारी की जगह चिकित्सा उपकरण पार्क दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के दौर में कानून-व्यवस्था, औद्योगिक नीति और निवेश के अनुकूल वातावरण ने उत्तर प्रदेश को निवेश के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित किया है। गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश के छह रक्षा गलियारा केंद्रों- झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, आगरा, अलीगढ़ और कानपुर, का उल्लेख करते हुए रक्षा उत्पादन में प्रदेश की भूमिका रेखांकित की। उन्होंने कहा कि देश का रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये को पार कर चुका है और रक्षा निर्यात में 2013-14 की तुलना में 56 गुना वृद्धि हुई है। अमेठी में एके-203 राइफल के निर्माण का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे बदलते औद्योगिक वातावरण का उदाहरण बताया। अमित शाह ने एक जनपद-एक उत्पाद योजना को भी रोजगार और उद्यम से जोड़ते हुए भदोही के कालीन, फिरोजाबाद के कांच, सहारनपुर की काष्ठ कला, कन्नौज के इत्र और वाराणसी की रेशमी साड़ियों का उल्लेख किया।

## रेप केस में सजा को तरुण तेजपाल ने दी चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने गोवा सरकार से मांगा जवाब



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** तहलका पत्रिका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल से जुड़े 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली तेजपाल की याचिका पर गोवा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले में उन्हें दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने हाईकोर्ट के 6 अगस्त के फैसले के खिलाफ दायर इस अपील पर सुनवाई करते हुए यह कदम उठाया है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मई 2021 में ट्रायल कोर्ट द्वारा तेजपाल को बरी किए जाने के फैसले को पलट दिया था। अदालत ने उन्हें नवंबर 2013 में गोवा के एक लग्जरी होटल की लिफ्ट के अंदर अपनी एक जूनियर महिला सहयोगी का यौन उत्पीड़न करने का दोषी पाया था।

10 साल की सजा के साथ-साथ, हाईकोर्ट ने उन पर 10 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना भी लगाया है, जिसका भुगतान पीड़िता को किया जाना है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने के निर्देश दिए जाने के बाद, तरुण तेजपाल ने 14 सितंबर को गोवा की एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। सरेंडर करने के बाद, उन्हें अपनी सजा काटने के लिए उत्तरी गोवा के कोलवेल स्थित सेंट्रल जेल भेज दिया गया है।

## दिल्ली से लेकर गुवाहाटी तक कांग्रेस का प्रदर्शन, पटना-चंडीगढ़ में वाटर कैनन से बौछार, हिरासत में कई नेता

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के कामकाज और वोटर लिस्ट के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बीच, शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किए। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उन्हें हटाने की मांग कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर, असम, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ और मणिपुर समेत कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन हुए, जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के दफ़्तरों की ओर मार्च किया और CEC के खिलाफ नारेबाजी की। देहरादून में, उत्तराखंड कांग्रेस की प्रभारी कुमारी शैलजा और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने PCC मुख्यालय से राज्य सचिवालय स्थित चुनाव कार्यालय तक मार्च किया ताकि कार्यालय का घेराव किया जा सके। उत्तराखंड PCC अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा राहुल गांधी पिछले तीन सालों से कह रहे हैं कि वोट चोरी के जरिए चुनाव आयोग BJP की सरकारें बनवा रहा है और आज यह बात सच साबित हो गई है। मैं राहुल गांधी की दृढ़ता को सलाम करता हूँ... निश्चित रूप से, इससे देश को फायदा होगा। हम निष्पक्ष और साफ-सुथरे चुनाव चाहते हैं। अगर साफ-सुथरे और निष्पक्ष चुनाव होते हैं, तो उसका अपना असर होगा।

उत्तराखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता यशपाल आर्य ने कहा, तीन सालों से राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त के कामकाज पर सवाल उठा रहे हैं, खासकर इस बात पर कि कैसे 'फॉर्म 6' से जुड़े नियमों की अनदेखी की गई और कैसे SIR प्रक्रिया के जरिए वोट हटाए या जोड़े गए। हालाँकि, बाकी दो चुनाव आयुक्तों ने दस महीने की अवधि में 14 बार आपत्तियाँ उठाईं, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया।

अब यह बात सामने आई है कि पिछले कुछ सालों में 13 करोड़ वोट हटा दिए गए और BJP की केंद्र सरकार ने चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर की... उनके खिलाफ देशद्रोह का आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए और उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। लखनऊ में, कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के राज्य कार्यालय में इकट्ठा हुए और SIR प्रक्रिया को लेकर प्रदर्शन किया; साथ ही हजरतगंज में राज्य चुनाव आयोग के कार्यालय का घेराव करने की भी योजना थी।

मणिपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओकराम इबोबी सिंह और कांग्रेस विधायक दल के नेता केइशम मेघचंद्र सिंह की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुमार की गिरफ्तारी और उन पर मुकदमा चलाने की मांग करते हुए लैम्फेलपट स्थित मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर मार्च किया।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान एक रैली निकाली गई जिसमें ज्ञानेश कुमार की तुरंत गिरफ्तारी के नारे लगाए गए और उनका पुतला भी फूंका गया। प्रदर्शन हिंसक हो गया और प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई; बाद में पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इसके अलावा, जम्मू में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## तमिलनाडु के चर्चित वीरमणि केस में थलपति विजय ने लिया स्टालिन का नाम, कौन हैं वीरमणि, डीएमके से क्या कनेक्शन?



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** चेन्नई: तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और तमिलगा वेत्री कषगम प्रमुख सी जोसेफ विजय ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डीएमके ने ग्रेनाइट कारोबारी आर वीरमणि की ओर से लड़कियों के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में भी अन्नाद्रमुक के साथ मिलीभगत की।

थलपति विजय ने कहा कि उन्होंने तब भी बर्दाश्त किया, जब उनकी अपनी मां के बारे में बुरा-भला कहा गया, लेकिन जब तमिलनाडु की मेरी बहनों और माताओं के बारे में अशोभनीय तरीके से बात की गई, तो वह इसे स्वीकार नहीं कर सके। चेंगलपट्टू जिले के मदुरंतकम सीट के उपचुनाव को लेकर आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए तमिलनाडु सीएम ने कहा कि डीएमके और डीएमके परिवार दोनों इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं और स्टालिन और उनका परिवार ऐसी बातों का आनंद लेते हैं। विजय ने कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वीरमणि के खिलाफ 'पॉक्सो' (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) मामले का सीधे जिक्र किए बिना विजय ने आरोप लगाया कि कारोबारी कई सालों से बच्चों का शोषण कर रहा था। थलपति विजय ने कहा कि पिछली डीएमके सरकार के दौरान शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद पूरे अपराध और उसके इतिहास को दबा दिया गया।

## पीएम मोदी की तस्वीर से जुड़ा क्या है मामला, सीजेपी को हाईकोर्ट से मिला नोटिस

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को मेटा प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया कि वे सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महिला की तस्वीर वाले मॉर्फ्ड कंटेंट को तुरंत हटा दें। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने कहा कि यह मामला एक असाधारण स्थिति है, क्योंकि इसमें न केवल एक महिला बल्कि देश के प्रधानमंत्री भी शामिल हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर दिल्ली पुलिस इस मामले को लेकर संवेदनशील नहीं है, तो कोर्ट यह सुनिश्चित करेगा कि वह संवेदनशील बने। हाई कोर्ट ने महिला की याचिका पर कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं - सौरव दास, अभिजीत दिपके, आशुतोष रंका और रत्ना सिंह - को भी नोटिस जारी किया है। महिला का आरोप है कि इन नेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ उसकी मॉर्फ्ड (छेड़छाड़ की गई) तस्वीर फैलाई थी।

### उखढ नेताओं को नोटिस जारी

कोर्ट जाने वाली महिला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उसकी अकसे बनी तस्वीरें ऑनलाइन फैलने लगी थीं। उसने कोर्ट से मांग की है कि अकसे बनी इन सभी तस्वीरों को अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (जो मेटा के हैं) और सभी मौजूदा वेबसाइटों से हटाया जाए। उसने इस हरकत के लिए CJP कार्यकताओं सौरव दास, अभिजीत दिपके, आशुतोष रंका और रत्ना सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। फिलहाल ये उसके आरोप हैं, हालांकि अभी तक कुछ भी साबित नहीं हुआ है (यह खबर लिखे जाने तक)। दिल्ली पुलिस ने पहले ही नई दिल्ली के साइबर पुलिस स्टेशन में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत FIR दर्ज कर ली है।

### कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है।

जस्टिस गिरीश कठपालिया ने कहा कि यह एक असाधारण स्थिति है, क्योंकि यह मामला सिर्फ.एक महिला का नहीं, बल्कि देश के प्रधानमंत्री का भी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दिल्ली पुलिस इस मामले को लेकर संवेदनशील नहीं है, तो कोर्ट उन्हें संवेदनशील बनने के लिए मजबूर करेगा। इसके अलावा, हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजकर दो हफ़्ते में स्टेटस रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

## सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर, एसआईआर में गड़बड़ी पर एसआइटी जांच की उठी मांग



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में गड़बड़ी को लेकर उठे मुद्दों को लेकर ये याचिका दायर की गई है। CEC ज्ञानेश कुमार के खिलाफ यह याचिका अंग्रेजी अखबार 'द इंडियन एक्सप्रेस' की उस रिपोर्ट के कुछ दिनों बाद दायर की गई है जिसमें बताया गया था कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने SIR से जुड़े फैसलों और आदेशों पर कम से कम 14 मौकों पर आपत्ति जताई थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट को आधार बताते हुए बाकी दो चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लिए गए फैसलों को गैर-कानूनी घोषित करने की मांग की गई है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की मांग है कि इस बात की SIT से जांच कराई जाए कि वोटर लिस्ट से 13 करोड़ वोटरों के नाम कैसे हटाए गए। रिपोर्ट में चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लिए गए फैसलों पर सवाल खड़े किए गए। इन फैसलों में से 'फॉर्म 6' में बदलाव और चुनावी रोल डेटा का प्रबंधन शामिल था।

## सुवेंदु अधिकारी सरकार को लगा बड़ा झटका, राष्ट्रपति ने एंटी गुंडा बिल को नहीं दी मंजूरी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में समाज-विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से लाया गया पश्चिम बंगाल सार्वजनिक सुरक्षा एवं समाज-विरोधी गतिविधि नियंत्रण विधेयक, 2026 अब संवैधानिक और कानूनी समीक्षा के महत्वपूर्ण दौर में पहुंच गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विधेयक को मंजूरी देने की बजाय पुनर्विचार के लिए वापस भेज दिया है। दरअसल, केंद्र की आपत्ति मुख्य रूप से इस बात को लेकर है कि विधेयक का एक प्रावधान मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में पहले से मौजूद केंद्रीय कानून के साथ समानांतर व्यवस्था खड़ी कर सकता है। वैसे यहां एक बात को स्पष्ट रूप से समझना जरूरी है। बंगाल में कानून-व्यवस्था और राजनीतिक हिंसा को लेकर लंबे समय से आरोप-प्रत्यारोप होते रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में राजनीतिक हिंसा, दबंगई तथा असामाजिक गतिविधियों के प्रकरण सामने आते रहे हैं। हालांकि इन आरोपों को लेकर राजनीतिक विवाद अपनी जगह है, लेकिन इसी पृष्ठभूमि में समाज-विरोधी तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए एक कठोर कानूनी व्यवस्था की मांग भी जायज है। हम आपको बता दें कि शुभेंदु अधिकारी सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य भी सार्वजनिक शांति और सुरक्षा बनाए रखना तथा समाज-विरोधी गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करना बताया गया है। विधेयक में ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है जिसके बारे में सक्षम प्रशासनिक अधिकारी को यह आशंका हो कि वह समाज-विरोधी गतिविधियों में शामिल है या आगे शामिल हो सकता है। ऐसे व्यक्ति को किसी निर्धारित क्षेत्र, जिले या जिलों से बाहर रहने का निर्देश दिया जा सकता है और उसे एक वर्ष तक उस क्षेत्र में लौटने से रोका जा सकता है। साथ ही उसके आवागमन और उपस्थिति की निगरानी से जुड़े निर्देश भी दिए जा सकते हैं। यही वह तथ्य है जहां कानून की जरूरत और उसके इस्तेमाल की संवैधानिक सीमाओं के बीच संतुलन सबसे महत्वपूर्ण हो जाता है।

राष्ट्रपति के पास विधेयक पहुंचने के बाद केंद्र सरकार ने विशेष रूप से उस प्रावधान पर आपत्ति जताई, जिसमें मादक पदार्थों से जुड़े अपराधों को 'गुंडा' की परिभाषा में शामिल किया गया है।

## संपादक की कलम

# कोड-100: ईरान फाइट टू फिनिश के लिए तैयार

ईरान और अमेरिका के बीच इस समय युद्ध भले ही रुका हुआ है, लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव कम नहीं हुआ है। परिस्थितियां ऐसी हैं कि युद्ध कभी भी दोबारा शुरू हो सकता है। इसी बीच ईरान द्वारा अपने यहां कोड–100 लागू किए जाने की खबर सामने आने के बाद अमेरिका भी एक बार फिर सतर्क हो गया है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त हुए सात महीने बीत चुके हैं। 28 फरवरी, 2026 को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। इसके बाद युद्ध की स्थिति बनी थी और ईरान ने अमेरिका का सामना किया था। अब ईरान द्वारा कोड–100 घोषित किए जाने को उसके कड़े रुख के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, कोड–100 ईरान का सबसे बड़ा सैन्य अलर्ट है। जब ईरान युद्ध को अंतिम अंजाम तक ले जाने के लिए तैयार होने का संकेत देता है, तब इस कोड की घोषणा की जाती है। कोड–100 की खबर सामने आते ही अमेरिका ने भी अपनी सैन्य तैयारियां बढ़ा दी हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अमेरिका की धरती पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि युद्ध ईरान ने शुरू नहीं किया, बल्कि अमेरिका ने शुरू किया है। पेजेशकियान ने यह भी कहा कि परमाणु परीक्षण करना ईरान का अधिकार है। उनके रुख से संकेत मिलता है कि ईरान फिलहाल अपने रुख से पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी अलर्ट मोड में आ गए हैं। उन्होंने अपनी सेनाओं को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। ईरान के कोड–100 का अर्थ यह बताया जा रहा है कि उसकी सेना के सभी प्रमुख अंगों को संभावित हमले के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है। आदेश के बाद ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स, एयरफोर्स, मिसाइल डिफेंस सिस्टम और इंटेलिजेंस नेटवर्क को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला रोकने के बाद भी ईरान इस अवधि का इस्तेमाल अपनी सैन्य तैयारियों को मजबूत करने में कर रहा है। ईरान के संबंध यमन के हूती विद्रोहियों से भी जुड़े रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हूती विद्रोहियों के माध्यम से ईरान सऊदी अरब पर हमले की तैयारी कर रहा है। इसे अमेरिका पर दबाव बनाने की ईरान की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए यह स्पष्ट है कि दोनों देशों के बीच तनाव अभी जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर कड़ा रुख अपनाया। ट्रंप ने कहा कि ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनने दिया जाएगा। इसके जवाब में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका को दो–टूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ईरान पीछे हटने वाला नहीं है। उनका कहना था कि यह युद्ध ईरान ने शुरू नहीं किया, बल्कि अमेरिका ने शुरू किया है और ईरान युद्ध को अंतिम सांस तक लड़ने से पीछे नहीं हटेगा। पेजेशकियान ने वैश्विक अस्थिरता के लिए अमेरिका और इजरायल को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने अमेरिकी हमलों में प्रभावित हुए स्कूली बच्चों की तस्वीरें भी दिखाईं और ईरान को अमेरिकी कार्रवाई का शिकार बताया। पेजेशकियान के संबोधन के समय अमेरिका के प्रतिनिधि असेंबली से बाहर चले गए थे। इसी दौरान पेजेशकियान और उनके साथियों की अमेरिका यात्रा के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ वन–टू–वन बैठक की। लगभग तीन घंटे चली इस बैठक में क्या बातचीत हुई, इसका पूरा विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया।



ललित शर्मा
संपादक

## व्यक्तित्व की असली पहचान

किशन भावनानी



कविता

कपड़ों की चमक होगी तो नजरें ठहर जाएँगी,
तस्वीरें खूबसूरत होंगी तो तारीफें मिल जाएँगी,
मगर शुद्ध विचारों की खुशबू जब व्यवहार में आएगी,
बिना कहे ही दुनियाँ आपके पीछे चली आएगी।

चेहरे की सुंदरता कुछ पल का आकर्षण बनाती है,
मन की सुंदरता दिलों में स्थायी जगह बनाती है,
मीठी वाणी और नेक नीयत जब पहचान बन जाती है,
तब शख्सियत हर दिल में सम्मान बनकर छा जाती है।

दिखावे की चमक अक्सर वक्त के साथ ढल जाती है,
संस्कारों की रोशनी हर अँधेरे में भी जल जाती है,
विनम्रता जब चरित्र के आँगन में फूल खिलाती है,
इंसान की सादगी भी दुनियाँ को अपना बना जाती है।

लिबास देखकर लोग शायद 'लाइक' करके चले जाएँ,
अच्छे विचार देखकर दिल से जुड़ते चले जाएँ,
व्यवहार में प्रेम हो तो रिश्ते खुद करीब आएँ,
किरदार ऊँचा हो तो लोग राहों पर कदम मिलाएँ।

इसलिए तन से नहीं, मन से व्यक्तित्व सजाइए,
विचारों में शुद्धता, व्यवहार में मिठास लाइए,
किशन 'लाइक' की भीड़ नहीं, दिलों में विश्वास कमाइए,
ऐसा किरदार बनाइए कि लोग आपको अपनाइए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हुनर बने ताकत: ग्रामीण महिलाओं की नई उड़ान



डॉ विजय गर्ग
लेखक

ग्रामीण महिलाओं के पास हमेशा से ही बहुमूल्य हुनर रहे हैं, लेकिन उनकी बहुत-सी प्रतिभाएँ घरों, खेतों और स्थानीय समुदायों तक ही सीमित रही हैं। कृषि और पशुपालन से लेकर कढ़ाई, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और पारंपरिक कलाओं तक, ग्रामीण महिलाएँ परिवार और समाज के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। चुनौती योग्यता की कमी नहीं, बल्कि ऐसे अवसर पैदा करने की है, जो उनके हुनर को टिकाऊ रोजगार और आय में बदल सकें।

आज कौशल विकास, डिजिटल तकनीक, स्वयं सहायता समूहों और बेहतर बाजार तक पहुँच के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। प्रशिक्षण पारंपरिक ज्ञान को बाजार में बिकने वाले उत्पादों और सेवाओं में बदलने में मदद कर सकता है, जबकि उद्यमिता महिलाओं को अधिक आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान कर सकती है। स्वयं सहायता समूह (SHGs) इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुके हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के माध्यम से लाखों ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है और आजीविका, वित्तीय समावेशन तथा उद्यम विकास के लिए सहायता दी जा रही है। अगस्त 2026 तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 10.08 करोड़ महिलाओं को 92.30 लाख स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया था।

कौशल विकास की वास्तविक ताकत प्रशिक्षण को वास्तविक बाजार से जोड़ने में है। सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी प्रबंधन, हस्तशिल्प या डिजिटल सेवाएँ सीखना महत्वपूर्ण है, लेकिन महिलाओं को वित्त, तकनीक, पैकेजिंग, परिवहन, ब्रांडिंग और ग्राहकों तक पहुँच की भी आवश्यकता होती है। इन कड़ियों के अभाव में प्रशिक्षण केवल एक प्रमाण-पत्र बनकर रह सकता है, आय का साधन नहीं। डिजिटल तकनीक नए दरवाजे खोल सकती है। गाँव में रहने वाली महिला अपने हाथों से बनाए उत्पादों को स्थानीय बाजार से बाहर भी बेच सकती है, डिजिटल भुगतान का उपयोग कर सकती है, सोशल मीडिया के माध्यम से अपने उत्पादों का प्रचार कर सकती है और ग्राहकों से सीधे संपर्क कर सकती है। इसलिए डिजिटल साक्षरता भी व्यावसायिक कौशल जितनी ही महत्वपूर्ण बनती जा रही है। पारंपरिक हुनर को भी आधुनिक रूप दिया जा सकता है। स्थानीय कढ़ाई, बुनाई, मिट्टी के बर्तन, खाद्य उत्पाद, प्राकृतिक सामग्री और क्षेत्रीय हस्तशिल्प को आधुनिक डिजाइन और पेशेवर पैकेजिंग के साथ नए उत्पादों के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस प्रकार सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए उसे आर्थिक संसाधन में भी बदला जा सकता है।

उद्यमिता महिलाओं के आत्मविश्वास को भी मजबूत कर सकती है। अपनी आय होने से घरेलू निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ सकती है और बच्चों की शिक्षा तथा परिवार के कल्याण में निवेश के अवसर बढ़ सकते हैं। हालांकि, महिलाओं के सशक्तीकरण को केवल आय के आधार पर नहीं मापा जाना चाहिए। ज्ञान तक पहुँच, वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता, आवागमन, डिजिटल कौशल और सामुदायिक संस्थाओं में भागीदारी भी इसके महत्वपूर्ण पहलू हैं।

सरकारी कार्यक्रम भी इस बदलाव को समर्थन दे रहे हैं। कौशल विकास और उद्यमिता से जुड़ी पहलें प्रशिक्षण प्रदान करती हैं, जबकि ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों, ऋण और उद्यम के अवसरों से जोड़ते हैं। तकनीक इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वूमेन टेक्नोलॉजी पार्क्स (Women Technology Parks) ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं के लिए विज्ञान और तकनीक आधारित आजीविका के समाधान को बढ़ावा देते हैं तथा कौशल विकास, क्षमता निर्माण और स्थानीय आर्थिक अवसरों पर जोर देते हैं।

फिर भी कई चुनौतियाँ मौजूद हैं। महिलाओं की बाजार, तकनीक, परिवहन, वित्त और व्यावसायिक जानकारी तक पहुँच सीमित हो सकती है। घरेलू जिम्मेदारियाँ भी प्रशिक्षण या उद्यमिता के लिए उपलब्ध समय को सीमित कर सकती हैं। सामाजिक अपेक्षाएँ उनकी आवाजाही और निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए केवल महिलाओं को प्रशिक्षण देना पर्याप्त नहीं है; उनके आसपास एक सहायक और अनुकूल वातावरण तैयार करना भी आवश्यक है। इसलिए ग्रामीण महिलाओं के रोजगार का भविष्य केवल नौकरियाँ उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसमें क्षमताओं का विकास, उद्यमिता को प्रोत्साहन और हुनर से आय, आय से आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भरता से नेतृत्व तक का मार्ग तैयार करना शामिल होना चाहिए। हर गाँव में प्रतिभा है। हर महिला में सीखने, सृजन करने और योगदान देने की क्षमता है। आवश्यकता केवल ऐसे वातावरण की है, जहाँ यह क्षमता विकसित हो सके।

जब किसी ग्रामीण महिला का हुनर आय अर्जित करने के अवसर में बदलता है, तो इसका लाभ केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। यह परिवार को मजबूत कर सकता है, स्थानीय रोजगार पैदा कर सकता है, पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित कर सकता है और पूरे समुदाय के आर्थिक विकास में योगदान दे सकता है। हुनर केवल कमाई का साधन नहीं है। यह आत्मविश्वास, सम्मान और अवसरों का स्रोत बन सकता है। ग्रामीण महिलाओं की नई यात्रा केवल रोजगार पाने की यात्रा नहीं, बल्कि अपने हुनर को ताकत में बदलने और अपने तथा अपने समुदायों के लिए नए क्षितिज खोलने की यात्रा है।



# हड़ताल – सुविधा मांगने का असुविधाजनक तरीका



प्रो. आरके जैन
लेखक

मांग किसी की हो, कीमत अक्सर किसी और को चुकानी पड़ती है। बैंक कर्मचारियों की मांग हो तो बैंक बंद, बस मालिकों की हो तो परिवहन व्यवस्था ठप, ट्रक ऑपरेटरों की हो तो माल ढुलाई ठप, डॉक्टरों की हो तो अस्पतालों की रफ्तार धीमी और शिक्षकों की हो तो पढ़ाई प्रभावित। क्षेत्र अलग, समस्याएं अलग और संगठन अलग, लेकिन हड़ताल की पटकथा लगभग एक–चेतावनी, बंद, वार्ता, आश्वासन और फिर कुछ दिनों की शांति। फिर नया मुद्दा, नई चेतावनी और वही पुराना चक्र। इस सिलसिले का सबसे स्थायी किरदार वही है, जो न कर्मचारी है, न प्रबंधन और न नीति-निमार्ता–आम आदमी, जो हर बार बिना मांग किए इसकी कीमत चुकाता है।

आठ लाख बैंक कर्मचारी पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह, पीएलआई योजना की वापसी/संशोधन और पेंशन अपडेशन समेत अन्य लंबित मुद्दों की मांग को लेकर हड़ताल की चेतावनी दे रहे हैं। सवाल इन मांगों से ज्यादा उस व्यवस्था पर है, जो समाधान तक पहुंचने से पहले हड़ताल की स्थिति बना देती है। काम के घंटे, पारिश्रमिक, पेंशन और सेवा-शर्तें कर्मचारियों के महत्वपूर्ण मुद्दे हैं; इन पर बातचीत होना स्वाभाविक है। फिर समाधान हड़ताल तक क्यों पहुंचे? जब यूनियन और प्रबंधन के बीच संस्थागत संवाद का रास्ता मौजूद है, तो बैंक बंद करने की नौबत क्यों आए? और यदि मार्च 2024 में समझौता हो चुका था, तो उसकी अधिसूचना अब तक क्यों नहीं हुई? हर बार हड़ताल की तारीख नजदीक आने पर ही व्यवस्था क्यों जागती है?

हड़ताल की घोषणा कर्मचारी करते हैं, लेकिन उसकी तैयारी आम आदमी को करनी पड़ती है। खबर आते ही सलाह–जरूरी लेनदेन निपटा लें, नकदी निकाल लें, चेक जमा कर दें, पेंशन का काम करा लें। यानी व्यवस्था ठप होने का इंतजाम भी नागरिक करे! डिजिटल बैंकिंग बढ़ी है, पर भारत सिर्फ महानगरों की मोबाइल स्क्रीन नहीं। छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में बैंक शाखा आज भी जरूरी है। पेंशनर को काउंटर चाहिए, छोटे व्यापारी को बैंकिंग व्यवस्था और लाखों लोगों के लिए हर काम ऐप से संभव नहीं। तीन दिन बैंक बंद रहना बड़े कारोबारी के लिए असुविधा हो सकता है, लेकिन बुजुर्ग की दवा, दुकानदार का भुगतान या परिवार की जरूरी रकम अटक जाए तो उसकी कीमत बड़ी होती है।

हड़ताल जहां काम रोकती है, वहीं उसका असर आम आदमी की जिंदगी रोक देता है। बस मालिक किराया बढ़ाने की मांग पर हड़ताल करें तो यात्री की राह और जेब, दोनों प्रभावित होते हैं। ट्रक ऑपरेटर लागत और टोल का मुद्दा उठाएं तो माल की आवाजाही रुकती है और कीमतें बढ़ती हैं। डॉक्टरों की हड़ताल में मरीज इंतजार करता है, बिजली कर्मचारियों के आंदोलन में घर-कारोबार प्रभावित होते हैं और शिक्षकों के आंदोलन में विद्यार्थियों का समय जाता है। हड़ताल खत्म होने पर वार्ता में मांगों का हिसाब होता है, लेकिन मरीज का इंतजार, मजदूरी का नुकसान, रुका कारोबार और बढ़ी कीमतों का हिसाब कहीं नहीं होता।

हड़ताल खत्म होते ही व्यवस्था ऐसे चल पड़ती है, मानो जनता की जिंदगी में कुछ रुका ही नहीं था। कुछ मांगें मान ली जाती हैं, कुछ समितियों के हवाले, कुछ आश्वासनों में और कुछ अगली बैठक की फाइल में चली जाती हैं। बैठकें होती हैं, बयान आते हैं और मामला शांत। लेकिन उन तीन दिनों का क्या, जब बैंक के चक्कर काटता नागरिक अपना काम नहीं करा सका? छोटे व्यापारी का अटका भुगतान, पेंशनर का टला काम, कर्मचारी की गई मजदूरी और मरीज का बिगड़ा इलाज–इनका हिसाब कौन देगा? न कोई मुआवजा, न जवाबदेही, न प्रतिपूरक व्यवस्था। जैसे आम आदमी की परेशानी कोई लागत ही नहीं, जिसे हर आंदोलन बेझिझक जनता के खाते में डाल दे।

बात हड़ताल का अधिकार छीनने की नहीं, उसे ऐसी व्यवस्था में बांधने की है जिसमें उसकी कीमत जनता न चुकाए। कर्मचारियों को अपनी मांग रखने और विरोध करने का अधिकार है, लेकिन अधिकार जिम्मेदारी से अलग नहीं हो सकता। बैंक हड़ताल पर हों तो न्यूनतम सेवाएं कैसे चलेंगी? सार्वजनिक परिवहन रुके तो वैकल्पिक व्यवस्था कौन करेगा? जरूरी सेवाएं प्रभावित हों तो नागरिकों के लिए आपात विकल्प क्या होंगे? और जब समझौता हो जाए, तो उसे लागू करने की समयसीमा क्यों न तय हो? सरकार, प्रबंधन और यूनियन यदि समयबद्ध बातचीत और फैसलों के लिए जवाबदेह हों, तो हड़ताल मजबूरी की आखिरी सीढ़ी बनेगी, हर मांग की पहली सीढ़ी नहीं।

हड़ताल अब आम आदमी के लिए खबर नहीं, पहले से जारी होने वाली चेतावनी बन गई है। बैंक हड़ताल की सूचना मिलते ही वह पैसे निकालने लगता है, बस हड़ताल की खबर आते ही दूसरा साधन खोजता है और ट्रकों की हड़ताल सुनते ही महंगा होने के डर से जरूरी सामान जुटाने लगता है। यानी नागरिक व्यवस्था से समाधान की उम्मीद छोड़, अव्यवस्था से बचने की तैयारी करने लगा है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी? लोकतंत्र की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि हड़ताल के बाद कितनी मांगें मानी गईं; यह भी पूछा जाना चाहिए कि मांग और समाधान के बीच आम आदमी ने कितनी कीमत चुकाई।

मांगें बदलेंगी, हड़तालें आएंगी, पर सवाल वही रहेगा–हर संघर्ष की कीमत आम आदमी ही क्यों चुकाए? पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह, पेंशन सुधार, वेतन वृद्धि या डीजल लागत–मांगें जायज हो सकती हैं, पर समाधान बातचीत, समयबद्ध फैसलों और जवाबदेही से होना चाहिए। हड़ताल जरूरी हो तो उसकी मार न्यूनतम रखने की जिम्मेदारी तय हो।

वरना चक्र वही रहेगा–मांग, चेतावनी, हड़ताल, जनता की परेशानी, बैठक और आश्वासन; फिर नया मुद्दा। पोस्टर, नारे और मांगें बदलेंगी, लेकिन भुगतेगा वही–आम आदमी। हड़ताल की सफलता सिर्फ मांगें मनवाने में नहीं, उसकी कीमत जनता पर न पड़ने में है। विरोध का अधिकार जरूरी है, पर ऐसा विरोध किस काम का, जिसमें मांग सुनी जाए और जनता भुगते?



# पानी का अगला वैश्विक संकट: तेल से अधिक मूल्यवान होने जा रहा जीवन का आधार



एनके शर्मा
लेखक

मानव सभ्यता ने सदियों तक सोना, चांदी, तेल और प्राकृतिक गैस को अपनी समृद्धि का प्रतीक माना। लेकिन इक्कीसवीं सदी के आगे बढ़ते वर्षों ने जिस संकट की आहट तेज कर दी है, वह किसी खनिज, धातु या ऊर्जा स्रोत का संकट नहीं, बल्कि उस तत्व का संकट है जिसके बिना मनुष्य कुछ ही दिनों में जीवन खो सकता है–पानी। पृथ्वी पर पानी की प्रचुरता दिखाई देती है, लेकिन पीने योग्य मीठे पानी की वास्तविक उपलब्धता सीमित है। यही विरोधाभास आने वाले दशकों की सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती बन सकता है।

आज दुनिया के अनेक हिस्सों में पानी केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं रहा; वह अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, प्रवासन और सामाजिक स्थिरता का निर्णायक आधार बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र के आकलनों के अनुसार अरबों लोग वर्ष के किसी न किसी हिस्से में पर्याप्त पानी की उपलब्धता से जूझते हैं। दूसरी ओर जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, भूजल के अत्यधिक दोहन और जलवायु परिवर्तन ने पानी की मांग और उपलब्धता के बीच बढ़ते अंतर को और गंभीर बना दिया है।

सबसे चिंताजनक स्थिति भूजल की है। धरती के नीचे मौजूद जल भंडार करोड़ों वर्षों की प्राकृतिक प्रक्रियाओं से बने हैं, लेकिन आधुनिक मनुष्य उन्हें ऐसे इस्तेमाल कर रहा है जैसे वे कभी समाप्त ही नहीं होंगे। खेतों की सिंचाई, शहरों की बढ़ती आबादी, उद्योगों और निजी जलापूर्ति ने अनेक क्षेत्रों में भूजल स्तर को लगातार नीचे धकेला है। जब एक क्षेत्र में वर्षा कम होती है तो मनुष्य भूजल निकालकर समस्या को कुछ समय के लिए टाल देता है, लेकिन लगातार दोहन अंततः उस प्राकृतिक बैंक खाते को खाली कर देता है जिसमें नई जमा राशि बहुत धीमी गति से आती है।

भारत सहित दक्षिण एशिया में यह समस्या विशेष रूप से गंभीर है। अनेक शहरों में भूमिगत जल का स्तर घट रहा है, जबकि दूसरी ओर वर्षाजल का बड़ा हिस्सा बहकर नदियों और समुद्र में चला जाता है। वर्षा की कमी ही हमेशा जल संकट का कारण नहीं होती; वर्षा के पानी को रोकने, भूजल पुनर्भरण करने और जल स्रोतों को संरक्षित करने में विफलता भी संकट को जन्म देती है। एक ओर बाढ़ आती है और दूसरी ओर उसी क्षेत्र में कुछ महीनों बाद पानी के लिए संघर्ष शुरू हो जाता है। यह प्रकृति की विडंबना कम और हमारी जल-प्रबंधन व्यवस्था की कमजोरी अधिक है।

जलवायु परिवर्तन ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। तापमान बढ़ने के साथ वाष्पीकरण बढ़ता है, वर्षा का स्वरूप बदलता है और कई क्षेत्रों में लंबे सूखे तथा अचानक अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ सकती हैं। हिमालय और अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के हिमनदों में परिवर्तन का प्रभाव उन नदियों पर पड़ता है जिन पर करोड़ों लोगों की कृषि और पेयजल निर्भरता है। समुद्र का बढ़ता स्तर तटीय क्षेत्रों के भूजल में खारे पानी के प्रवेश का खतरा बढ़ाता है। अर्थात भविष्य का जल संकट केवल पानी की मात्रा का संकट नहीं होगा; पानी की गुणवत्ता भी उतनी ही बड़ी समस्या बन सकती है। प्रदूषण इस संकट का दूसरा भयावह चेहरा है। नदियों में औद्योगिक अपशिष्ट, सीवेज, कृषि रसायन, प्लास्टिक और अन्य प्रदूषक पहुंच रहे हैं। जिस पानी को प्रकृति ने जीवन देने के लिए उपलब्ध कराया था, उसे मनुष्य स्वयं विषाक्त बनाने में लगा है। जब किसी नदी में पानी मौजूद हो लेकिन वह पीने, सिंचाई या पारिस्थितिकी के लिए सुरक्षित न रहे, तो वह उपलब्ध जल वास्तव में उपयोगी जल नहीं रह जाता। यहीं से पानी के आर्थिक मूल्य का प्रश्न उठता है। तेल की कीमत बाजार तय कर सकता है, लेकिन पानी का कोई वास्तविक विकल्प नहीं है। तेल समाप्त होने पर ऊर्जा के अन्य स्रोत विकसित किए जा सकते हैं; पानी के बिना जीवन की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि भविष्य में जल-सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा बन सकती है। कृषि इस संकट का सबसे बड़ा केंद्र है। दुनिया की खाद्य व्यवस्था पानी पर निर्भर है। यदि सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं होगा तो केवल किसान प्रभावित नहीं होंगे; खाद्यान्न उत्पादन, खाद्य कीमतें, ग्रामीण रोजगार और अंततः शहरी उपभोक्ता भी प्रभावित होंगे। पानी की कमी खाद्य मुद्रास्फीति को जन्म दे सकती है और गरीब परिवारों पर इसका बोझ सबसे अधिक पड़ सकता है। जल संकट इसलिए पर्यावरण का विषय भर नहीं, सामाजिक न्याय का प्रश्न भी है। शहरों में संकट का एक अलग रूप सामने आएगा। तेजी से फैलते महानगरों को पीने, घरेलू उपयोग, निर्माण, उद्योग और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए लगातार अधिक पानी चाहिए। यदि शहर अपनी जल-आवश्यकताओं के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों के जल स्रोतों पर निर्भर होते गए तो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच पानी को लेकर तनाव बढ़ सकता है। भविष्य में महानगरों की वास्तविक क्षमता केवल उनकी सड़कों, मेट्रो, गगनचुंबी इमारतों या डिजिटल नेटवर्क से नहीं, बल्कि उनके सुरक्षित जल भंडार से भी मापी जाएगी। जल संकट सामाजिक असमानता को भी गहरा कर सकता है। धनवान व्यक्ति बोतलबंद पानी, निजी टैंकर, जल-शोधन संयंत्र और गहरे बोरवेल का सहारा ले सकता है, लेकिन गरीब परिवार के पास विकल्प सीमित होते हैं। जब पानी दुर्लभ होता है तो उसकी कीमत केवल बाजार में नहीं बढ़ती; उसका सामाजिक मूल्य भी बढ़ता है। यदि जल वितरण में न्याय नहीं हुआ तो पानी अमीर और गरीब के बीच एक नई अदृश्य दीवार बन सकता है। इसलिए समाधान केवल नए बांध, अधिक बोरवेल या समुद्री जल को मीठा करने की महंगी तकनीक में नहीं है। तकनीक उपयोगी है, लेकिन जल-संकट का स्थायी समाधान जल के प्रति हमारी सोच बदलने में है। वर्षाजल संचयन को व्यापक बनाना होगा, तालाबों और झीलों को पुनर्जीवित करना होगा, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह की रक्षा करनी होगी, भूजल पुनर्भरण को अनिवार्य बनाना होगा और कृषि में कम पानी वाली फसलों तथा सूक्ष्म सिंचाई को प्रोत्साहित करना होगा। शहरों में उपचारित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग बढ़ाना होगा। उद्योगों को जल दक्षता और शून्य या न्यूनतम प्रदूषण की दिशा में बाध्यकारी मानकों के साथ आगे बढ़ना होगा। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन नागरिक चेतना में होना चाहिए। पानी को नल से निकलने वाली अंतहीन सुविधा समझना बंद करना होगा। एक लीटर पानी बचाना किसी छोटी घरेलू बचत का मामला नहीं; यह भविष्य की पीढ़ी के हिस्से की रक्षा है। स्कूलों में जल-साक्षरता, शहरों में जल-बजट और गांवों में सामुदायिक जल-प्रबंधन को विकास की मुख्यधारा में लाना होगा। दुनिया ने तेल के लिए युद्धों, आर्थिक प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक संघर्षों का लंबा इतिहास देखा है। आने वाले समय में पानी भी ऐसी ही रणनीतिक शक्ति बन जाए, यह कल्पना अब केवल विज्ञान-कथा नहीं रही। नदियां कई देशों की सीमाओं को पार करती हैं और उनके जल का बंटवारा पहले से ही अंतरराष्ट्रीय संबंधों का संवेदनशील विषय है। इसलिए जल-साझेदारी, नदी-समझौते और क्षेत्रीय सहयोग भविष्य की शांति के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हो सकते हैं जितने आज ऊर्जा समझौते हैं। सबसे बड़ा खतरा यह नहीं कि पृथ्वी पर पानी पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। असली खतरा यह है कि स्वच्छ, सुलभ और सस्ता पानी उन स्थानों और लोगों तक पर्याप्त मात्रा में न पहुंच सके जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। पानी का संकट धीरे-धीरे आता है, इसलिए उसकी भयावहता अक्सर दिखाई नहीं देती। सूखता कुआं, सिकुड़ता तालाब, प्रदूषित नदी और गिरता भूजल स्तर भविष्य की उस आपदा के छोटे-छोटे संकेत हैं जिसे समय रहते पढ़ना होगा। तेल ने औद्योगिक सभ्यता को गति दी, लेकिन पानी ने जीवन को जन्म दिया और उसे कायम रखा।



# पुलिस हवालात में हुई युवक की मौत

## एफआइआर ब्राह्मणों पर, समाज के नेता हाउस अरेस्ट लोग नाराज

विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया



**प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली अन्तर्गत बीते दिनो एक शिकायत पर अर्जुन गौतम को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिसे बाद मे कोतवाली के बाथरुम मे मृत पाया गया था ।जिसपर पुलिस का कहना था कि अर्जुन ने आत्महत्या की है। लेकिन मामला बिगडता देख तथा परिवार की माग पर जनपद पुलिस ने अर्जुन गौतम के विरुद्ध शिकायत करने वालो पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। जिससे जिले के ब्राह्मण समाज मे भारी नाराजगी देखने को मिली तो वही पुलिस की इस कार्यवाही पर जिले का बुद्धिजीवी वर्ग भी आश्चर्यचकित है ।तो वही विरोध मे आए सवर्ण संगठन के नेताओ को को हाऊस अरेस्ट किये जाने से भी सवर्ण समाज काफी नाराज है।सवर्ण आर्मी प्रमुख के हाउस अरेस्ट पर डी एम को पत्र-अर्जुन गौतम की मौत के संबंध में अर्जुन के विरुद्ध मुकदमा लिखवाने वाले परिवार के खिलाफ हत्या व एससी/एसटी का मुकदमा दर्ज करने की पुलिस की कार्यवाही की निंदा करने पर पवन मिश्रा को उनके गांव झींगुर में दो दिन से हाउस अरेस्ट कर दिया गया है। सवर्ण आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष पवन मिश्रा को थाना महेशगंज पुलिस द्वारा लगातार तीसरे दिन भी हिरासत में रखे जाने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता सत्येन्द्र कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर विशेष जांच कमेटी गठित करने की मांग की है। अधिवक्ता ने कहा पुलिस के पास हाउस अरेस्ट का कोई न्यायालयीन आदेश नहीं है और यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के विपरीत है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सीआरपीसी की धारा 167 के तहत केवल अदालत ही उम्र, स्वास्थ्य, अपराध की प्रकृति जैसे मानदंडों पर विचार कर हाउस अरेस्ट का आदेश दे सकती है। अधिवक्ता ने कहा कि प्रार्थना पत्र देने तक पुलिस ने नजरबंदी का आधार व आदेश सार्वजनिक नहीं किया है, जो नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। मामले की पाक्षिक जांच कराकर दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है। वैसे सूचनानुसार पवन मिश्रा इस समय हाउस अरेस्ट नही है बल्कि अस्पताल मे है।

### ब्राह्मणों को जबरन फंसाया जा रहा, मुख्यमन्त्री ले सज्ञान: राष्ट्रीय परशुराम सेना

वही पुलिस द्वारा तमाम बंदिशें के बावजूद राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला तथा संगठन के तमाम पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की सत्यता के बारे में जानकारी हासिल किया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया एवं पीड़ित परिवार को तत्काल रूप से संगठन द्वारा आर्थिक सहयोग दिया गया। तथा अपने बयान मे प्रदीप शुक्ला ने ब्राह्मणों पर हुई एफ आई आर पर कहा भाजपा की सरकार है पुलिस कस्टडी युवक की मौत हुई है और एफ आई आर ब्राह्मणो पर, ब्राह्मण को फंसाया जा रहा जो बिल्कुल गलत है जाँच भी पुलिस के पक्ष मे पुलिस कर सकती है और ब्राह्मण को फंसा सकती है। जिसका माननीय मुख्यय जी को स्वतः सज्ञान लेकर निर्दोष फसाए जाने वाले ब्राह्मणों को बचाकर उन वास्तविक दोषियो की पहचान कर उन पर हत्या की एफ आई आर के निर्देश दे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई आयोजित

वेलकम इंडिया/नितिन शर्मा



**चांदपुर।** शकुंतला महाविद्यालय, नूरपुर रोड, चाँदपुर में भारत सरकार के सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. जी. पाठक ने किया। अपने उद्बोधन में डॉ. एच. जी. पाठक ने कहा कि सामान्य ज्ञान केवल जानकारी नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के सपने को समझने की दृष्टि है। प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के सेवा संकल्प से प्रेरणा लेकर हमारे छात्रों ने आज जो ज्ञान और जागरूकता दिखाई है, वह सराहनीय है। कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दिया चौधरी, भूमिका तोमर, दीपांशी, लव कुमार, समीक्षा रानी, सिमरन चौधरी, सलोनी कर्णवाल, गोरिसा, आकांक्षा, लक्ष्मी देवी आदि 30 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रों से स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, हरित ऊर्जा, नारी सशक्तिकरण, चंद्रयान-3, जी-20, नई शिक्षा नीति जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे गए। उप प्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा ने कहा कि बेटियों ने विकसित भारत के बारे में बहुत गहराई से अध्ययन किया है और उनके उत्तरों में सुरक्षित और शिक्षित भारत का सपना झलका है।

इस मौके पर निर्णायक मंडल में अमित चौहान, बी.एड. प्रभारी नरेश कुमार, मितुल कुमार पारुल राव, अमित कुमार, गुंजन शर्मा, हर्षि अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मौजूद रहे। सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के ज्ञान की सराहना की। प्रतियोगिता में बी॰ ए॰ सेकंड ईयर की छात्रा समीक्षा रानी ने प्रथम स्थान, बी० ए० फर्स्ट ईयर का छात्र लव कुमार और एम० ए० की छात्रा दीपांशी ने द्वितीय स्थान और बीकॉम की छात्रा दीया चौधरी एवं भूमिका तोमर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद हापुड़ परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।इस अवसर पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान पत्रकार, साहित्यकार और लेखक होने के साथ-साथ राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित विचारक थे। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का मंत्र 'अंत्योदय' के रूप में दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन बैंक खाते, विद्युत कनेक्शन सहित अनेक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाया गया है। राज्य मंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और देश को आगे ले जाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ।उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए ।इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, मंडल अध्यक्ष सुनील वर्मा, विवेक गर्ग, राजेश सक्सेना, गगन बाटला, अमित शर्मा, अमरदीप चौधरी, उमेश त्यागी, सुयश वशिष्ठ समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्री रामलीला महोत्सव 2026-27 का भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न

## वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं आरती के साथ हुआ शुभारंभ, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा रामलीला स्थल





वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव 2026-27 के शुभारंभ के प्रथम दिवस पर शुक्रवार को रामलीला स्थल पर विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। गायत्री परिवार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं आरती की गई ।भूमि पूजन का आयोजन श्री सतीश गोयल एवं श्री अजब सिंह शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार वर्मा ने की ।हवन के दौरान शास्त्री जी ने भूमि पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भूमि पूजन का उद्देश्य देवी-देवताओं का आह्वान कर प्रार्थना करना है, ताकि इस पवित्र स्थल पर होने वाले धार्मिक आयोजन निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न हों।भूमि पूजन एवं हवन में श्री रामलीला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक आहुति दी। इस दौरान शास्त्री जी ने समिति के सदस्यों को श्री रामलीला महोत्सव को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ सफल बनाने का संकल्प भी दिलाया ।कार्यक्रम के दौरान रामलीला स्थल का वातावरण भक्तिमय बना रहा। उपस्थित समिति पदाधिकारियों, सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने ह्यजय श्री रामह्न के जयघोष किए, जिससे पूरा रामलीला स्थल गूंज उठा ।इस अवसर पर विनोद वर्मा, उमेश अग्रवाल, शुभम गोयल एडवोकेट, सुयश वशिष्ठ, नवीन गुप्ता, रतन लाल नन्हे मल ठेकेदार, डी.के. सर्राफ, नवीन कुमार वर्मा, विमल वर्मा, वरुण गोयल टिंकू, हरि प्रकाश जिंदल, अतुल सोनी, रामकुमार गर्ग, उमेश मित्तल, रवि गर्ग टेंट वाले, प्रदीप सोनी, अनिल तोमर टोपी, विवेक सिंघल, माधव वर्मा, गौरव बजरंगी, गौरव गोयल सर्राफ, संजय यादव सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री रामलीला महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए तैयारियां पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ की जा रही हैं।

# गणेश विसर्जन को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ने अठसैनी का किया निरीक्षण



वेलकम इडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** गणेश विसर्जन कार्यक्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक हापुड़ ने थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रांतर्गत ग्राम अठसैनी स्थित नहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विसर्जन स्थल पर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।अपर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणेश विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही नहर के आसपास भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि विसर्जन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह व्यवस्थित और सुरक्षित रहें, इसके लिए संबंधित अधिकारी लगातार मौके पर निगरानी बनाए रखें।

# जेएमएसआईटी कॉलेज में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गणेश विसर्जन

## विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से दिखाई प्रतिभा, तीनों क्लबों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित






वेलकम इडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**गाजियाबाद।** जेएमएसआईटी कॉलेज, गाजियाबाद में भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना एवं गणेश विसर्जन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भगवान श्री गणेश से सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की ।इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राकेश सिंघल, महासचिव डॉ. हिमांशु सिंघल, सचिव डॉ. रोहन सिंघल, वित्त सचिव डॉ. आयुष सिंघल, महानिदेशक डॉ. सुभाष गौतम, कार्यकारी निदेशक ए.के. चौहान, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता एवं निदेशक डॉ. अनिरुद्ध विस्पास की गरिमामयी उपस्थिति रही ।कार्यक्रम में कॉलेज के कंप्यूटर क्लब, मैनेजमेंट क्लब एवं मेडिकल क्लब ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

तीनों क्लबों के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के उत्साह और उमंग ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया ।विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और क्लबों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए संस्थान के अध्यक्ष राकेश सिंघल द्वारा कंप्यूटर क्लब, मैनेजमेंट क्लब एवं मेडिकल क्लब को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने तथा आपसी सहयोग, अनुशासन और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया ।गणेश विसर्जन के दौरान विद्यार्थियों एवं कॉलेज परिवार ने ह्लगणपति बप्पा मोरयाह्व के जयघोष के साथ भगवान श्री गणेश को भावपूर्ण विदाई दी और अगले वर्ष उनके पुनः आगमन की कामना की ।कार्यक्रम का समापन श्रद्धा, उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। गणेश विसर्जन कार्यक्रम ने जेएमएसआईटी कॉलेज परिवार में एकता, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर नगर पालिका चेयरमैन पुष्पा देवी ने किया माल्यार्पण



वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद हापुड़ में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन पुष्पा देवी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान और अंत्योदय की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का सम्मान

## अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम में भी लिया गया भाग

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हापुड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव सिमरौली स्थित पंचायत सचिवालय में नगर पालिका चेयरमैन पुष्पा देवी, हापुड़ के सौजन्य से सम्मान एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर एक बालक के अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम में सहभागिता की गई तथा एक बहन की गोद भराई की रस्म भी विधिवत संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रिंस पंडित की धर्मपत्नी आरती शर्मा ने विशेष रूप से सहभागिता की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं माताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लेते हुए सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में गांव की सम्मानित महिलाओं एवं वृद्ध माताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान लोकेश देवी, पुष्पा देवी, कुसुम देवी, विमला देवी, अंजू रानी, विनीता सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संदेश के साथ समाज के सभी वर्गों के सम्मान, सहभागिता और सामाजिक समरसता पर जोर दिया गया।

# जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में धूमधाम से मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

## विद्यार्थियों ने पोस्टर, रंगोली व भाषण प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़ के परिसर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका, औषधियों के सुरक्षित एवं उचित उपयोग तथा समाज के स्वास्थ्य के प्रति फार्मासिस्टों के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में संस्थान के सेक्रेटरी डॉ. रोहन सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल तथा विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर जनरल प्रो. (डॉ.) सुभाष गौतम उपस्थित रहे। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के डीन डॉ. अभिनीत चौधरी, प्रोग्राम हेड धनंजय तोमर सहित विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा एवं फार्मेसी के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर प्रेजेंटेशन, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कला, विचारों एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से औषधियों के उचित उपयोग, स्वास्थ्य जागरूकता तथा फार्मासिस्ट की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. अतुल कुमार शर्मा, साक्षी गुप्ता एवं डिंपल शर्मा शामिल रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन रचनात्मकता, विषयवस्तु, प्रस्तुतीकरण एवं अभिव्यक्ति के आधार पर किया। इस अवसर पर सेक्रेटरी डॉ. रोहन सिंघल ने स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औषधियों के सुरक्षित एवं उचित उपयोग, मरीजों को सही परामर्श देने तथा औषधि सुरक्षा सुनिश्चित करने में फार्मासिस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है ।मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मेसी केवल औषधियों के अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव जीवन की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं कौशल का निरंतर विकास करने तथा भविष्य में समाज एवं देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) सुभाष गौतम ने विद्यार्थियों को समर्पण, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक योग्य फार्मासिस्ट स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के समापन पर फार्मेसी विभाग के डीन डॉ. अभिनीत चौधरी ने सभी अतिथियों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# उत्तराखंड भाजपा की बैठक में राज्यसभा प्रत्याशी पर मंथन, करीब 24 नामों पर हुई चर्चा

## सीएम धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा को 3 या 5 नामों का पैनल तैयार करने की जिम्मेदारी; 16 अक्टूबर को होगा मतदान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**देहरादून।** उत्तराखंड में राज्यसभा की एक सीट के लिए होने वाले चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया तेज कर दी है। शुक्रवार को देहरादून स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेश कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें राज्यसभा की रिक्त होने जा रही सीट के संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में करीब 24 संभावित दावेदारों के नाम सामने आने की जानकारी दी गई। इनमें महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति, युवाओं सहित विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक वर्गों से जुड़े नाम शामिल बताए गए हैं। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने बताया कि कोर कमेटी ने संभावित उम्मीदवारों के नामों पर व्यापक चर्चा की। किसी एक नाम पर तत्काल अंतिम निर्णय लेने के बजाय अब संभावित दावेदारों में से तीन या पांच नामों का पैनल तैयार किया जाएगा। इस पैनल को अंतिम रूप देने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन फणींद्रनाथ शर्मा को सौंपी गई है। इसके बाद पैनल केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष रखा जाएगा और प्रत्याशी के नाम पर अंतिम निर्णय पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। उत्तराखंड से राज्यसभा की कुल तीन सीटें हैं और वर्तमान में तीनों पर भाजपा के सदस्य हैं। इनमें नरेश बंसल, महेंद्र भट्ट और कल्पना सैनी शामिल हैं। नरेश बंसल का वर्तमान कार्यकाल नवंबर 2026 में समाप्त होने जा रहा है, जिसके चलते उनकी सीट पर द्विवार्षिक चुनाव कराया जा रहा है। उत्तराखंड सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर भी राज्यसभा सदस्यों के रूप में नरेश बंसल, महेंद्र भट्ट और कल्पना सैनी के नाम दर्ज हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तराखंड की इस एक राज्यसभा सीट के लिए 16 अक्टूबर 2026 को मतदान होगा। चुनाव की अधिसूचना 29 सितंबर को जारी होगी और इसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की जांच 7 अक्टूबर को होगी, जबकि उम्मीदवार 9 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 16 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 19 अक्टूबर तक पूरी की जानी है। राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव आम मतदाताओं द्वारा सीधे नहीं किया जाता। राज्यसभा की राज्यों से निर्वाचित सीटों के लिए संबंधित राज्य की विधानसभा के निर्वाचित सदस्य मतदान करते हैं और चुनाव एकल संक्रमणीय मत प्रणाली तथा आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर होता है। इसलिए किसी राज्य में विधानसभा की मौजूदा सदस्य संख्या और दलों का विधानसभा में प्रतिनिधित्व राज्यसभा चुनाव के गणित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उत्तराखंड की विधानसभा में भाजपा के पास वर्तमान में बहुमत है। ऐसे में इस एक सीट के लिए भाजपा का उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेगा। हालांकि प्रत्याशी के नाम की अंतिम घोषणा और चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक किसी नाम को निर्वाचित मानना उचित नहीं होगा। कोर कमेटी की बैठक केवल राज्यसभा चुनाव तक सीमित नहीं रही। पार्टी ने अगले वर्ष प्रस्तावित 2027 उत्तराखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भी संगठनात्मक तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों और विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करने का आह्वान किया गया।

प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद मौजूद रहे। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल तथा राज्यसभा सदस्य कल्पना सैनी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# संपत्ति विवाद में मारपीट से आहत वृद्ध ने रेलवे ट्रैक पर दी जान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/कोसीकलां।** संपत्ति विवाद को लेकर परिजनों द्वारा कथित रूप से की गई मारपीट से आहत 71 वर्षीय वृद्ध ने रेलवे ट्रैक पर जान दे दी। वृद्ध का शव अगले दिन दिल्ली-कोसी रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। बताया गया कि पलवल के जोधपुर निवासी किशोर सिंह मेहरा और उनकी पत्नी भगवती का संपत्ति को लेकर परिजनों से विवाद चल रहा था। बुधवार रात इसी विवाद को लेकर परिजनों द्वारा दोनों के साथ मारपीट किए जाने का आरोप है। आरोप है कि भगवती को कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की गई। इस दौरान किशोर सिंह मौके से भाग निकले। अगले दिन उनका शव कोटवन क्षेत्र में दिल्ली-कोसी रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान कराई और घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों का कहना है कि पत्नी के साथ हुई कथित मारपीट से आहत होकर किशोर सिंह ने यह कदम उठाया। पुलिस ने मामले की जानकारी पलवल पुलिस को भी दी है। पुलिस मामले की जांच कर घटना के कारणों और परिस्थितियों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वृद्ध के साथ मारपीट की घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके बाद उन्होंने रेलवे ट्रैक तक पहुंचकर यह कदम क्यों उठाया। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा संपत्ति विवाद से जुड़े तथ्यों और पूर्व में हुए विवादों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# केशव धाम में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित

## केशव धाम, वृन्दावन एवं कल्याण करोति नेत्र संस्थान मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा/वृन्दावन।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिवस के अवसर पर केशव धाम, वृन्दावन एवं कल्याण करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितम्बर 2026 को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय अध्ययन केंद्र, केशव धाम में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के सह-संयोजक गणेश दत्त शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीनदयाल जी का चिंतन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा का लाभ पहुंचाने पर केंद्रित था। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन, सादगी, राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के विचारों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर आदरणीय संत सत्यमित्रानंद जी महाराज ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन से जुड़ी एक प्रेरक कथा सुनाते हुए कहा कि दीनदयाल जी का जीवन सादगी और सेवा का उदाहरण था। उन्होंने कथा के माध्यम से बताया कि एक बार दीनदयाल जी को यात्रा के दौरान एक साधारण व्यक्ति की कठिनाई दिखाई दी। उन्होंने बिना किसी औपचारिकता के उसकी सहायता की। जब उनसे पूछा गया कि वे स्वयं इतनी परेशानी में रहते हुए दूसरों की चिंता क्यों करते हैं, तो उन्होंने भाव व्यक्त किया कि समाज का कोई व्यक्ति दुखी हो और हम उसे अपना मानकर सहायता न करें, तो हमारी सेवा और संवेदना अधूरी है। महाराज जी ने कहा कि यही भाव दीनदयाल जी के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के चिंतन का आधार था-समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपना मानकर उसके सुख-दुःख में सहभागी बनना।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आर.डी. शर्मा ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, कार्यकताओं, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। शिविर में वृन्दावन सहित आस-पास के क्षेत्रों से आए कुल 177 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराकर परीक्षण कराया जिनमें से 23 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु भर्ती किया गया। जिनके आपरेषन कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर संपन्न किये जायेगे। इस अवसर पर ललित, निदेषक, केषव धाम, आर.डी. शर्मा, निरंजन, आर. के. वर्मा आदि उपस्थित रहें।

# मामूली विवाद में किया जानलेवा हमला, दो घायल, मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

संतकबीरनगर। दुधारा थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां के सामने मामूली बात को लेकर हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और जानलेवा हमले में बदल गया। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना दुधारा क्षेत्र के भैसवरिया निवासी एकलाक अहमद पुत्र शौकत अली (लगभग 65 वर्ष) और उनके पुत्र मोहम्मद शाहिद पुत्र एकलाक अहमद (लगभग 18 वर्ष) शुक्रवार को छह माह की बच्ची के विगो निकलवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां आए थे। दोनों सीएचसी के सामने मौजूद थे। इसी दौरान सेमरियावां निवासी आमिर पुत्र अज्ञात से किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि आमिर ने एकलाक अहमद और मोहम्मद शाहिद पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद घायल पक्ष ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने पर दुधारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए घायलों से भी पूछताछ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। पुलिस की कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# रिफाइनरी प्रमुख के जन्मदिन पर स्टाफ-अधिकारियों ने भोजन का किया बहिष्कार

## कर्मचारी व अधिकारियों ने खाने की गुणवत्ता पर उठाए सवाल, प्रबंधन के खिलाफ किया रोष व्यक्त

- ट्रेनिंग के दौरान मिलने वाले स्पेशल भोजन की जगह दी गई थी साधारण थाली
- रिफाइनरी प्रमुख की कार्यशैली से नाराज चल रहे हैं रिफाइनरीकर्मी




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी में इन दिनों कह सकते हैं कि रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल के राज में सबकुछ ठीक नही चल रहा है। मथुरा रिफाइनरी से आए दिन कुछ न कुछ ऐसे मामले निकलकर सामने आ रहे हैं, जो रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। ताजा मामला मथुरा रिफाइनरी के कर्मचारियों व अधिकारियों की एक दिवसीय ट्रेनिंग से संबंधित है, जिसमें रिफाइनरी के अलग-अलग विभागों के 30 कर्मचारी व अधिकारी शामिल हुए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि कर्मचारी व अधिकारियों को ट्रेनिंग के दौरान मिलने वाले स्पेशल भोजन की जगह पर अबकी बार साधारण थाली दी जा रही थी, जिसका विरोध करते हुए सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने ट्रेनिंग में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को देखते हुए बहिष्कार कर दिया है, रिफाइनरी प्रबंधन द्वारा रिफाइनरी कर्मियों के साथ किए जा रहे ऐसे खराब रवैये के चलते रिफाइनरी कर्मचारियों व अधिकारियों ने यूनियन व एसोसिएशन को समस्याएं बताते हुए रिफाइनरी प्रबंधन के खिलाफ रोष व्यक्त किया है। जबकि आज के दिन मथुरा रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल का जन्मदिन भी है।

रिफाइनरी कर्मियों में इस बात की चर्चा है कि ईडी साहब को जन्मदिन पर रिफाइनरी कर्मियों ने भोजन का बहिष्कार करते हुए उन्हें जन्मदिन का तोहफा दिया है। यह भी बात निकलकर सामने आई है कि रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने कास्ट कटिंग के चलते रिफाइनरी कर्मियों को मिलने वाले खाने के मेनू में लगभग पचास फीसदी तक की कटौती कर दी है। आपको बता दें कि मथुरा रिफाइनरी के इतिहास में इस तरह के मामले पहली बार सामने आ रहे हैं जब उन्ही के मुखिया द्वारा अपने ही परिवार के सदस्यों के साथ ऐसी हरकतें की जा रही हों। जो मथुरा रिफाइनरी पिछले दो-तीन वर्ष पहले तक विश्व पटल पर अपने कीर्तनमानों के नए-नए आयाम स्थापित करने में पहचानी जाती थी, कह सकते हैं कि आज उसी रिफाइनरी में राजा की तानाशाही प्रजा पर भारी पड़ रही है। देखने वाली बात यह होगी कि मथुरा रिफाइनरी में चल रहे इन मामलों पर आरएचक्यू क्या संज्ञान लेता है, या फिर रिफाइनरी प्रमुख को चेयरमैन साहब के करीबी होने का फायदा यूं ही मिलता रहेगा।

# धार्मिक नगरी अयोध्या में जलसा गौसुल वरा व जुलूसे गौसिया

**वेलकम इंडिया/फतेह खान**



**शुजागंज/अयोध्या।** धार्मिक नगरी अयोध्या की हृदय स्थल चौक घंटा घर पर हर साल की तरह इस साल भी दिनांक 23 सितंबर 2026 बुधवार को एक अजीमुशशान जलसा जश्ने गौसुलवरा का आयोजन मजलिस मदरसतुल मदीना फैजाने अत्तार के अराकीन/ प्रबंधक श्री सैयद अरशद अत्तरी द्वारा किया गया जिसमें मुख्य खिताब जनाब अल्लामा मौलाना अल्ताफ हुसैन कादरी,मुफ्ती समसुल कमर फैजी व मुफ्ती रेहानुल हसन नूरी का खुसूसी बयान हुआ श्री अल्ताफ हुसैन कादरी/मौलाना फैजी ने सरकार शेख अब्दुल कादिर जिलानी पीराने पीर हजरत गौस पाक की शान बयान करते हुए कहां की गोसे पाक ने अपनी पूरी जिंदगी कभी झूठ नहीं बोला और हमेशा लोगों को सच्चाई की रह दिखाई तथा हराम माल से दूर रहने और लोगों की मदद करने की दर्स देते रहे। जलसे के बाद सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया और मुल्क में अमनो अमान की दुआ की गई मौके पर मोहम्मद सिद्दीक अत्तारी, आरिफ अत्तारी नदीम अत्तारी, इसरार अत्तारी, शाहिद अत्तारी,अतीक अहमद, मुन्ना शाहिद,हाफिज इस्माईल,कारी अकरम, मोहम्मद हिलाल,कारी मारूफ, हाफिज शहजाद, मुशाहिद रजा अत्तारी,हाफिज सलीम रजा अत्तारी, मौलाना मसूक सहित शहर के कई इमाम मुफ्ती आलिम मौजूद रहे। सैयद अरशद अत्तरी, सिराज, इमरान, कफील, इस्तखार, सरफराज आदि द्वारा दिनांक 24 सितंबर 2026 दिन बृहस्पतिवार(जुम्मेरात)को जुलूसे गौसुलवरा सुबह 10:00 गुलाब बाड़ी के मैदान से रीडगंज, चौक, रिकाबगंज, काशाबबाड़ा, फतेहगंज, सुभाष नगर,होते हुए रीडगंज गुलाबबाड़ी मैदान में जाकर समाप्त हुआ जिसमें शहर की कई दर्जन अंजुमन शामिल हुई और शहर में जगह-जगह जुलूस से गोसिया का स्वागत किया गया। वहीं वरिष्ठ मुस्लिम धर्मगुरु मुफ्ती मोइनुद्दीन अशरफी (मुफ्ती ए अवध) ने बताया कि जनपद के जुड़वा शहर फैजाबाद अयोध्या की कई मस्जिदों सहित सूफीखनकाहो दरगाहों पर नजरों नियाज का सिलसिला जारी रहा जहा भारी तादाद में जायरीनो का आना जाना लगा रहा छोटी बड़ी दरगाह मोहल्ला लालबाग के प्रबंधक सूफी जाहिद खाँ वारसी बाबा द्वारा लंगर शरीफ का आयोजन भी किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया आयोजन



**वेलकम इंडिया/नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर बिजनौर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा आयोजित नमामि भारतम्-कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण वंदे मातरम का एक साथ गायन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महावीर सिंह पूर्व राज्य मंत्री, मुख्य अतिथि सत्यवीर गुप्ता प्रबंधक चिल्ड्रन एकेडमी तथा मुख्य वक्ता योगेश कुमार शर्मा रहे साथ ही कार्यक्रम संयोजक एवं संचालक के रूप में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य छतर सिंह ने अपना योगदान दिया। विद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता योगेश कुमार शर्मा ने वंदे मातरम के उपलक्ष में अपने विचार रखें साथ ही मुख्य अतिथि सत्यवीर गुप्ता ने अपने विचार और कार्यक्रम अध्यक्ष महावीर सिंह पूर्व राज्य मंत्री ने आशीर्वचन देकर सभी को अनुग्रहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने विद्यालय पधारे सभी अतिथि एवं आगंतुक महानुभावों सहित देश के स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रगीत लेखक बंकिम चंद्रचटर्जी सहित सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# हरिपाल शास्त्री फामेर्सी कॉलेज फीना में धूमधाम से मनाया गया विश्व फामेर्सी दिवस

**वेलकम इंडिया/नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** हरिपाल शास्त्री फामेर्सी कॉलेज फीना में 'विश्व फामेर्सी दिवस' का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक अशोक शास्त्री तथा प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं ज्ञान की देवी मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रबंधक अशोक शास्त्री एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में केक काटकर फामेर्सी दिवस की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर फामेर्सी प्रवक्ता मंसाराम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विश्व फामेर्सी दिवस की पृष्ठभूमि और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फामेर्सी एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ व्यावहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से नियमित रूप से कक्षाएं अटेंड करने और प्रैक्टिकल लैब में पूरी लगन के साथ प्रतिभाग करने का आह्वान किया। कॉलेज प्रबंधक अशोक शास्त्री ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का सबसे बड़ा महत्व है। अनुशासन अपनाकर ही छात्र फामेर्सी की सूक्ष्मताओं को सीख सकते हैं और भविष्य में एक जिम्मेदार व सफल फार्मासिस्ट बनकर समाज की सेवा कर सकते हैं। इस मौके पर डॉ. आर. पी. सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, छाया राजपूत, रुचि राजपूत, शनि चौहान, सचिन कुमार, सुषैन बाबू शर्मा, सोनू कुमार, राकेश चौहान, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह सहित कॉलेज का समस्त शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 500 ग्राम मटन पर घटतौली का आरोप, दुकानदार ने महिला के खिलाफ दी तहरीर

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र में मटन की खरीदारी के दौरान कथित घटतौली को लेकर विवाद सामने आया है। दुधारा गांव निवासी शमसुद्दीन पुत्र सहाबुद्दीन उर्फ चीनक ने थानाध्यक्ष दुधारा को शिकायती पत्र देकर गांव की ही शकीला खातून पत्नी कफीलुद्दीन पर विवाद, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के मुताबिक, शमसुद्दीन दुधारा सरकारी अस्पताल चौराहे पर मुर्गी का मटन बेचने की दुकान करता है। आरोप है कि 23 सितंबर को दोपहर करीब एक बजे शकीला खातून उसकी दुकान पर मटन खरीदने पहुंचीं। दुकानदार के अनुसार, 200 प्रति किलो के हिसाब से 100 का करीब 500 ग्राम मटन तौलकर दिया गया। महिला मटन लेकर घर चली गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि करीब आधे घंटे बाद महिला दोबारा दुकान पर पहुंची और मटन में 250 ग्राम की घटतौली किए जाने का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगी। दुकानदार के मुताबिक, जब उसने आरोप का विरोध किया तो कथित तौर पर उसके साथ गाली-गलौज की गई और गलत तरीके से फंसाने की बात कही गई।

# डाइट मथुरा में हुआ वन्देमातरम गायन



**वेलकम इंडिया/वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वन्देमातरम गायन का आयोजन हुआ। प्रभारी प्राचार्य जमुना प्रसाद सुमन ने गायन से पहले सभी कार्मिकों को बताया कि वंदेमातरम के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में एक समय, एक लय, एक स्वर, वंदेमातरम गायन हो रहा है। इस कार्यक्रम के प्रभारी हरेश सिंह ने बताया कि ₹वंदेमातरम₹ भारत के राष्ट्रीय जीवन और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा एक अत्यन्त महत्वपूर्ण राष्ट्रगीत है। महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 150 वर्ष पूर्व वंदेमातरम की रचना की थी। वंदेमातरम के 150 वर्ष भारत की राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता, संघर्ष, सांस्कृतिक गौरव और मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा की यात्रा का प्रतीक है। इस वंदेमातरम गायन में अपने संस्थान के डीएलएड प्रशिक्षु इसलिए शामिल नहीं हुए क्योंकि उनकी परीक्षा चल रही हैं। सभी कार्मिक प्रवक्ता हरेश सिंह, संतोष कुमार सिंह, दिगंबर सिंह, विवेक कुमार, शिखा शर्मा, हिमांशु, राधा वल्लभ, राहुल, धर्मेंद्र और राजीव उपस्थित रहे।

### हटुआ में गूंजी पीडीए की आवाज, मिशन 2027 को लेकर संगठन मजबूती पर जोर

# पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा बोले गांव-गांव पहुंचकर जनता से संवाद बढ़ाएं सभी कार्यकर्ता

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**पीलीभीत।** विधानसभा क्षेत्र 128 बरखेड़ा के ग्राम हटुआ में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए पंचायत एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, जनसमस्याओं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ मिशन 2027 की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं पूर्व प्रत्याशी रोशनलाल वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन रामसनेही वर्मा ने किया। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने कहा कि पीडीए पंचायतों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करने और उनकी समस्याओं एवं अधिकारों को मजबूती से उठाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने तथा संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने कहा कि पीडीए की अवधारणा सामाजिक न्याय, समान अवसर और समाज के सभी वर्गों की भागीदारी पर आधारित है। उन्होंने कार्यकताओं से मिशन 2027 को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय और मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता के बीच लगातार संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझना संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीप्ति गंगवार ने कहा कि पीडीए पंचायतों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग की आवाज को मंच मिल रहा है। महिलाओं, युवाओं, किसानों और वंचित वर्गों की भागीदारी को उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर महिलाओं के लिए 40 हजार रुपये की सहायता दिए जाने की बात कही गई है।आयोजक रामसनेही वर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों का आभार जताया। कार्यक्रम में सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान, सयुस जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, मो. रजा अंसारी, भगवानदास वर्मा, ठाकुर आशीष सिंह चौहान समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## अट्टाधाम गोगामेडी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने मेले का शुभारंभ कर सड़क और मंदिर का किया लोकार्पण





**वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित गांव अट्टा में शुक्रवार को अट्टाधाम गोगामेडी में विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। गोगादेव के जयकारों से पूरा धाम भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया। उन्होंने सरकार की ओर से लाखों रुपये की लागत से बनाई गई सड़क का लोकार्पण किया। साथ ही मंदिर के सौंदर्यीकरण और नवनिर्मित मंदिर से जुड़े कार्यों का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धाम के अध्यक्ष प्रमोद सैनी ने की। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, भाजपा नेता प्रमोद सैनी, ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के डॉ. जनेश्वर चौहान, डॉ. कुशांक चौहान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## भारी बारिश के चलते सिद्धार्थनगर में आज 1 से 12वीं तक के सभी स्कूल बंद



**वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जिले में लगातार हो रही मुसलाधार भारी बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर 26 सितंबर शनिवार को कक्षा एक से 12 तक के सभी विद्यालय बंद रहेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार जिले में संचालित सभी परिषदीय, सीबीएसई, आईसीएसई, मान्यता प्राप्त, अशासकीय सहायता प्राप्त और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शनिवार को अवकाश रहेगा। यह आदेश कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों पर लागू होगा। भारी बारिश के चलते विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय बंद रखने का निर्णय लिया गया है। बीएसए ने सभी विद्यालय प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों को आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश की अवहेलना होने पर संबंधित संस्था के प्रबंधक, प्रधानाचार्य या प्रधानाध्यापक को जिम्मेदार माना जाएगा।

## फार्मेसी दिवस पर पीआरपीएस कॉलेज में छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

### नाटक से लेकर नृत्य तक, विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**पूरनपुर/पीलीभीत।** पीआरपीएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी में शुक्रवार को विश्व फामेर्सी दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नाटक, भाषण, पोस्टर और नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत फामेर्सी जगत के रचयिता माने जाने वाले डॉ. एमएल श्रॉफ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस दौरान वक्ताओं ने फामेर्सी के क्षेत्र में डॉ. एमएल श्रॉफ के योगदान और उनके कार्यों को याद किया। विद्यार्थियों को फामेर्सी के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका से भी अवगत कराया गया। इसके बाद आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नाटक प्रतियोगिता के माध्यम से फामेर्सी और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने फामेर्सी के महत्व और समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका पर अपने विचार रखे। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और रचनात्मक संदेशों के माध्यम से विभिन्न विषयों को प्रदर्शित किया। नृत्य प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का रंग भर दिया।प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कॉलेज के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अध्ययन के साथ-साथ फामेर्सी के क्षेत्र में नई जानकारी हासिल करने और समाज के प्रति जिम्मेदारी समझने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की प्रिंसिपल सिमरन सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्व फामेर्सी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों के सम्मान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## 36 घंटे की बारिश और तेज हवा से हाईवे पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन प्रभावित



**वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर में लगातार करीब 36 घंटे से हो रही भारी बारिश और तेज हवा के कारण शुक्रवार को एसबीआई बैंक के सामने मेन हाईवे पर अचानक विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ के हाईवे पर गिरने से दोनों ओर आवागमन प्रभावित हो गया और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गनीमत रही कि पेड़ गिरने के दौरान कोई वाहन उसकी चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही संबंधित कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मार्ग से पेड़ हटाने का काम शुरू कराया। स्थानीय लोगों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण जमीन में नमी बढ़ने और तेज हवा चलने से पेड़ गिरा। मार्ग पर पेड़ हटाए जाने के बाद आवागमन सामान्य होने की उम्मीद है। मौसम खराब होने के कारण लोगों से सावधानी बरतते हुए अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की गई है।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर वृद्धाश्रम में फल व दवा वितरित

**वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**





**सिद्धार्थनगर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला मुख्यालय के पुरानी नौगढ़ स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से निशुल्क दवा एवं फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही ने वृद्धजनों को दवा और फल वितरित किए। इस दौरान मुख्य अतिथि सदर विधायक ने वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना और उनके स्वास्थ्य की चिंता करना सभी का सामाजिक दायित्व है। वृद्धजनों से आशीर्वाद भी लिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शुक्ला, जिलाध्यक्ष अवधेश मद्धेशिया, राष्ट्रीय टीम के सदस्य सुनील शुक्ला, प्रदेश सचिव प्रेम गुप्ता, अपना घर वृद्धाश्रम के संचालक सिद्धार्थ गौतम समेत संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंडो-नेपाल बॉर्डर पर 12 बोरी इलेक्ट्रॉनिक स्क्रैप बरामद



**वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**

**लोटन/सिद्धार्थनगर।** तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लोटन पुलिस ने शुक्रवार को इंडो-नेपाल बॉर्डर पर 12 बोरी इलेक्ट्रॉनिक स्क्रैप बरामद किया। बरामद सामान को कस्टम अधिनियम की धारा 11 के तहत अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम करमैनी से उत्तर दिशा में नेपाल राष्ट्र की ओर जाने वाली पगडंडी के पास इंडो-नेपाल सीमा पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को 12 बोरी इलेक्ट्रॉनिक स्क्रैप मिला। बरामद सामान के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए उसे कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में हरिवंशपुर चौकी प्रभारी एसआई रमेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल कन्हैया यादव, हेड कांस्टेबल बजरंगदास यादव और कांस्टेबल विजय यादव शामिल रहे।

## किसानों की समस्याओं पर गरजी भाकियू भानु

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**अमरिया/पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) की ओर से किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को अमरिया तहसील में पंचायत आयोजित की गई। पंचायत के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी अमरिया को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से निस्तारण कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि अमरिया क्षेत्र के किसान लंबे समय से विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। संगठन ने प्रशासन से इन समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की। किसान यूनियन ने विकासखंड अमरिया में किसानों से संबंधित योजनाओं एवं सुविधाओं की व्यवस्था को बेहतर कराने की मांग उठाई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में पात्र लोगों के नाम छूटने तथा अपात्र लोगों के चयन से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने की मांग की गई। यूनियन का कहना है कि पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिलना चाहिए। ज्ञापन में अमरिया तहसील क्षेत्र में किसानों की भूमि संबंधी समस्याओं, पैमाइश एवं अन्य राजस्व मामलों का समय से निस्तारण कराने की मांग भी रखी गई। किसानों ने कहा कि जमीन से जुड़े मामलों के लंबित रहने से उन्हें बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं।किसान नेताओं ने अमरिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का भी उल्लेख किया। ज्ञापन में कहा गया कि किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों और पुलिस अधिकारियों के स्तर से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। दूसरे पृष्ठ पर यूनियन ने तहसील अमरिया समेत जिले के किसानों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण नहीं हुआ तो किसान संगठन आगे आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार करेगा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिलाध्यक्ष सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुत्र-पुत्रवधू पर महिला ने लगाया मारपीट का आरोप, थाने में दी गई तहरीर

**वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी**



**कांधला।** कस्बे की नई सब्जी मंडी मोहल्ला निवासी महिला माया ने अपने पुत्र और पुत्रवधू पर गाली-गलौज करने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता माया का आरोप है कि उसका पुत्र और पुत्रवधू आए दिन मामूली बातों को लेकर उसके साथ विवाद करते हैं। आरोप है कि विवाद के दौरान दोनों उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट भी करते हैं, जिससे वह परेशान है। महिला ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई हैपुलिस ने महिला की तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि महिला की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दूसरी और कस्बे की जन्नत कॉलोनी निवासी फिरोज ने बताया कि उसकी पत्नी घर से लाखों रुपए और जेवरात लेकर अपने मायके में चली गई जो वापस नहीं दे रही है पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। मौला मुस्तफाबाद निवासी सरवर ने बताया कि कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने हाथ में डंडा मार कर उसका हाथ तोड़ दिया पीड़ित ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई की मांग की है।

## जन्मजात कटे होंठ की समस्या से जूझ रही मासूम को आरबीएसके से मिला नि:शुल्क उपचार

### तीन माह की शायदा की समय पर हुई पहचान, लखनऊ में कराया गया विशेषज्ञ उपचार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन माह की मासूम शायदा के चेहरे पर मुस्कान लौटाने में मदद की। ललौरीखेड़ा विकासखंड क्षेत्र के भंडारी गांव निवासी रफीक की पुत्री शायदा जन्मजात कटे होंठ (क्लेफ्ट लिप) की समस्या से पीड़ित थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए निजी स्तर पर उपचार कराना मुश्किल था। आरबीएसके टीम-बी ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्ची में जन्मजात कटे होंठ की समस्या की पहचान की। टीम ने परिजनों को बीमारी, उपचार की प्रक्रिया और शासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को विशेषज्ञ उपचार एवं सर्जरी के लिए लखनऊ स्थित सिप्स सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रेफर किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बच्ची का उपचार नि:शुल्क कराया गया। उपचार के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार बताया गया है। बच्ची के उपचार से परिवार में भी खुशी का माहौल है। परिजनों ने समय पर बीमारी की पहचान करने और सरकारी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आरबीएसके टीम तथा स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया। आरबीएसके का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात विकार एवं बीमारियों, पोषण संबंधी कमियों और विकास संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका उचित उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के तहत बच्चों की स्क्रीनिंग कर जरूरत के अनुसार उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए भेजा जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में आरबीएसके टीम-बी के डॉ. हरजिंदर, डॉ. दीपा बाजपेई, स्टाफ नर्स महविश जहां और फिजियोथेरेपिस्ट देवेंद्र आस्थाना की भूमिका रही। सीएमओ डॉ. बीसी पंथ के मार्गदर्शन, आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ. क्षत्रपाल तथा डीईआईसी मैनेजर मोहम्मद मो. जुबैर के समन्वय से बच्ची को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जन्मजात बीमारी से पीड़ित बच्चों के नि:शुल्क उपचार के लिए डीईआईसी प्रबंधक मो. जुबैर से 7536844761 पर संपर्क किया जा सकता है।

## थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार के निर्देश पर जीआरपी ने कुछ ही घंटों में बरामद किया यात्री का बैग



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी पुलिस की तत्परता से ट्रेन में गलती से छूटा एक यात्री का बैग कुछ ही घंटों में बरामद कर उसे सकुशल उसके स्वामी को सौंप दिया गया। बैग मिलने के बाद यात्री ने जीआरपी पुलिस की कार्यशैली और तत्परता की जमकर प्रशंसा की।जीआरपी थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि अजय कुमार पुत्र सूरजपाल निवासी इब्राहिमपुर माजरा, थाना रमाला, जनपद बागपत दिल्ली में सरकारी ई-मार्केटप्लेस,जीईएम में हाउसकीपिंग का कार्य करते हैं। ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह ट्रेन नंबर 64021 से सुनहेड़ा रेलवे स्टेशन से कासिमपुर रेलवे स्टेशन जाने के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान उनका बैग ट्रेन में ही छूट गया।बैग में ड्यूटी कार्ड, मेट्रो कार्ड, एटीएम कार्ड सहित अन्य जरूरी और कीमती सामान रखा हुआ था। यात्री ने मामले की सूचना फोन के माध्यम से जीआरपी थाना शामली के थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने कांधला रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल कपिल कुमार को बैग की तलाश करने के निर्देश दिए।हेड कांस्टेबल कपिल कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेन से बैग बरामद कर लिया और बाद में उसे अजय कुमार के सुपुर्द कर दिया। बैग की जांच करने पर उसमें रखा पूरा सामान सुरक्षित मिला। बैग वापस मिलने पर अजय कुमार ने जीआरपी पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए पुलिस टीम का आभार जताया।

# काशी में राजस्थान की विरासत पर जुटे विद्वान, 'पुरातनता और परिवर्तन' पर मंथन

## राजस्थान की ऐतिहासिक, पुरातात्त्विक और सांस्कृतिक विरासत पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपरक विमर्श, विद्वानों ने रखे विभिन्न दृष्टिकोण

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह






**वाराणसी।** राजस्थान की समृद्ध ऐतिहासिक, पुरातात्त्विक एवं सांस्कृतिक विरासत, उसकी निरंतरता तथा समय के साथ हुए परिवर्तनों को समझने के उद्देश्य से वाराणसी इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्ट्री द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'राजस्थान : पुरातनता और परिवर्तन' विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का उद्घाटन समारोह काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित वैदिक विज्ञान केंद्र में हुआ। संगोष्ठी में देश-विदेश से आए इतिहासकारों, पुरातत्वविदों, भूगोलवेत्ताओं, भारतविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने राजस्थान की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पक्षों पर गंभीर मंथन किया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम्‌ के सामूहिक गान के साथ हुआ। इस अवसर पर वाराणसी इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्ट्री की संस्थापक निदेशक एवं एमेरिटस प्रोफेसर अरुणा सिन्हा ने देश-विदेश से आए अतिथियों, विद्वानों और शोधार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने संगोष्ठी के विषय की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत, पुरातात्त्विक धरोहर, कला-संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक परिवर्तनों के विभिन्न आयामों को रेखांकित किया। प्रो. अरुणा सिन्हा ने कहा कि राजस्थान का अतीत केवल ऐतिहासिक घटनाओं का दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह वहां की सांस्कृतिक निरंतरता, सामाजिक संरचना और वर्तमान परिवर्तनों को समझने का महत्वपूर्ण आधार भी है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र की विरासत को समझने के लिए उसके पुरातात्त्विक अवशेषों के साथ साहित्य, लोक परंपराओं, सामाजिक स्मृतियों और सांस्कृतिक प्रक्रियाओं का अध्ययन भी आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध-पत्रों और विद्वानों के बीच होने वाले संवाद से राजस्थान के अतीत, उसकी सांस्कृतिक निरंतरता और बदलते सामाजिक परिदृश्य को समझने के नए आयाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियां केवल शोध की नई दिशाओं को सामने लाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों के बीच ज्ञान-संवाद, विचार-विनिमय और अकादमिक सहयोग को भी मजबूत करती हैं। उद्घाटन समारोह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राजस्थान की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, उसके व्यापक अध्ययन तथा भावी पीढ़ियों तक उसके हस्तांतरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी विविध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं से बनी है और राजस्थान इस समृद्ध विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने भारतीय इतिहास और संस्कृति की विभिन्न परंपराओं को व्यापक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने अकादमिक शोध को समाज से जोड़ने पर बल दिया, ताकि विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में होने वाला अध्ययन केवल पुस्तकों और शोध-पत्रों तक सीमित न रहे, बल्कि समाज में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूत करे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू ने राजस्थान के ऐतिहासिक स्रोतों, साहित्यिक परंपराओं और क्षेत्रीय इतिहास के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान की ऐतिहासिक चेतना को समझने के लिए स्थानीय स्रोतों और परंपरागत ज्ञान-संपदा का गंभीर अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने राजस्थान के पुरातात्त्विक एवं ऐतिहासिक स्रोतों, स्मारकीय विरासत और इतिहास लेखन की विविध परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजस्थान के इतिहास को केवल राजवंशों, युद्धों और राजनीतिक घटनाओं के माध्यम से नहीं देखा जाना चाहिए। इसके साथ सामाजिक जीवन, साहित्य, लोक संस्कृति, स्थापत्य, धार्मिक परंपराओं और स्थानीय स्मृतियों को भी अध्ययन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

# दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा कार्यालय में गूंजा 'एकात्म मानववाद' का संदेश


## महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि, सभी बूथों पर भी हुआ स्मरण

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** भारतीय जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रखर चिंतक और कुशल संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 को भाजपा महानगर कार्यालय, गुलाब बाग में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय चिंतन परंपरा को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए ह्यएकात्म मानववादह्व का दर्शन प्रस्तुत किया। उनका चिंतन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और प्रकृति के बीच संतुलन तथा समन्वय पर आधारित था। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे भारत की कल्पना करते थे जो आर्थिक रूप से स्वावलंबी, सामाजिक रूप से समरस और राष्ट्रीय दृष्टि से सशक्त हो। उनके चिंतन के केंद्र में समाज का अंतिम व्यक्ति था। विकास की मुख्यधारा में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को सम्मान, अवसर और विकास का लाभ मिले, यही अंत्योदय की मूल भावना थी। प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय केवल राजनीतिक चिंतक ही नहीं, बल्कि प्रभावशाली लेखक और पत्रकार भी थे। हिंदी और अंग्रेजी में उनके लेखन ने भारतीय राजनीति और सामाजिक चिंतन को प्रभावित किया। उनका जीवन सादगी, संगठननिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता और मानवीय गरिमा जैसे विषयों के संदर्भ में चर्चा का विषय बने हुए हैं। कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रहित और समाजसेवा से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर वाराणसी महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों पर भी कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकताओं ने उनके जीवन और विचारों को याद करते हुए संगठन को मजबूत करने तथा समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में चंद्रशेखर उपाध्याय, आत्मा विश्वेश्वर, प्रमील पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, अशोक जाटव, अमित खरे, अजय गुप्ता, सुनील यादव, संदीप कुमार चौरसिया, अखिलेन्द्र सिंह सन्नी, अवधेश राय, राकेश कुमार जायसवाल, सत्येंद्र सिंह, कुसुम सिंह पटेल, नेहा कक्कड़, शोभनाथ मौर्या, नीरज जायसवाल, मधुप सिंह, प्रमोद यादव मुन्ना, अनिल उपाध्याय, अवनीश पांडेय, योगेश वर्मा, वैभव उपाध्याय, इंदु भूषण गुप्त और विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीओ स्याना ने किया बीबीनगर थाने का त्रैमासिक निरीक्षण



वेलकम इंडिया संवाददाता



**बीबीनगर (बुलंदशहर)।** क्षेत्राधिकारी स्याना रामकरण ने शुक्रवार को थाना बीबीनगर का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र, थाना अभिलेख, आईजीआरएस निस्तारण, विवेचनाओं की स्थिति, मैस की साफ-सफाई, बैरक, शौचालय, माल निस्तारण और आगंतुक रजिस्टर समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने थाना प्रभारी को अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही हिस्ट्रीशीटर और सक्रिय अपराधियों की प्रभावी निगरानी, नियमित गश्त के माध्यम से अपराध नियंत्रण तथा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# गंगा में डूब रहे आधा दर्जन श्रद्धालुओं को कांस्टेबल अंकुर कुमार ने बचाया

वेलकम इंडिया संवाददाता




**रामघाट (बुलंदशहर)।** गणेश चतुर्थी पर्व के समापन पर रामघाट गंगा घाट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने पहुंचे श्रद्धालुओं में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गंगा स्नान के दौरान करीब आधा दर्जन श्रद्धालु गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। मौके पर तैनात रामघाट थाना पुलिस के कांस्टेबल अंकुर कुमार ने बिना देर किए गंगा में छलांग लगा दी और डूब रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया गया कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अलीगढ़ समेत आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामघाट पहुंचे थे। विसर्जन के बाद श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे थे। इसी दौरान कुछ श्रद्धालु गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। स्थिति को भांपते हुए कांस्टेबल अंकुर कुमार ने तत्काल गंगा में उतरकर करीब आधा दर्जन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए श्रद्धालुओं में मनीष पुत्र राकेश व अभिषेक पुत्र राजू निवासी रामनगर, आईटीआई रोड, थाना बन्नादेवी, अलीगढ़, रणवीर सिंह पुत्र गोवर्धन निवासी देवी नगला, थाना क्वार्सी, अलीगढ़ तथा ललिता पुत्री नरेश निवासी नगला बंजारा, अलीगढ़ सहित अन्य श्रद्धालु शामिल बताए गए हैं। कांस्टेबल अंकुर कुमार की तत्परता और साहस से कई श्रद्धालुओं की जान बच गई। घटना के बाद उनकी बहादुरी और त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## जहरीले पदार्थ के सेवन से विवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**औरंगाबाद (बुलंदशहर)।** थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर निवासी विवाहिता की जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद उपचार के दौरान नोएडा के अस्पताल में मौत हो गई। ससुराल पक्ष के अनुसार विवाहिता ने खुद जहरीला पदार्थ खाया था, जबकि मायके वालों ने दहेज की खातिर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के पिता ने पति समेत सास, देवर और जेठ के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव अख्तियारपुर निवासी महावीर सिंह की पुत्री लोकेश की करीब छह वर्ष पहले भीकमपुर निवासी जुगनू सिंह के पुत्र जयप्रकाश उर्फ जेपी गुर्जर से शादी हुई थी। 23 सितंबर को लोकेश की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे औरंगाबाद के एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका और हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने निभाया बच्चों से किया वादा

## 27 सितंबर को संस्थाओं के बच्चों को मिलेगा अपनी प्रतिभा और सपने को उड़ान देने का मंच

वेलकम इंडिया संवाददाता





**वाराणसी।** मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा की बच्चों के सपनों को हकीकत में बदलने, प्रतिभा को मंच और भविष्य को नई दिशा देने की पहल अब धरातल पर उतरने जा रही है। यह संभव हो रहा है 27 सितंबर को वाराणसी में होने वाले विशेष आयोजन से। इस आयोजन में संस्था के प्रतिभाशाली बच्चों को अपनी कला और हुनर प्रस्तुत करने का शानदार अवसर मिलेगा। मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने कहा कि बच्चों के सपनों और उनकी प्रतिभा को सही दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। हर बच्चे के अंदर कुछ खास करने की क्षमता होती है, जरूरत सिर्फ उसे पहचानने, प्रोत्साहित करने और सही मंच देने की है। 27 सितंबर का यह आयोजन मेरे लिए सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों से किए गए वादे को पूरा करने की एक छोटी-सी कोशिश है। मैं चाहती हूं कि ये बच्चे पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को लेकर आगे बढ़ें और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए लगातार बेहतर अवसर मिलते रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरे की खुशी और उनकी आंखों में अपने सपनों को पूरा करने का विश्वास ही इस पहल की सबसे बड़ी सफलता होगी। टीटीएफ फाउंडेशन और आस्था फाउंडेशन के बच्चों को ऐसा मंच उपलब्ध कराया जाएगा, जहां वे अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर सकेंगे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को केवल एक मंच देना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना और उनके सपनों को नई दिशा देना है। कार्यक्रम को लेकर संस्थाओं के बच्चों में खासा उत्साह है। उन्हें उम्मीद है कि यह मंच उनके हुनर को नई पहचान दिलाने के साथ ही भविष्य में आगे बढ़ने के नए अवसर भी प्रदान करेगा। मिसेज एशिया विजयता सचदेवा की यह पहल बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें समाज के सामने अपनी पहचान बनाने का अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। उनका मानना है कि जब प्रतिभा को सही मंच और मार्गदर्शन मिलता है, तो सपनों को हकीकत में बदलने की राह आसान हो जाती है। 27 सितंबर को वाराणसी में होने वाला यह आयोजन इसी विश्वास के साथ उन सभी बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने जा रहा है।

# चांदी के कमल पुष्प में शेषनाग के फन पर विराजे गिरिराज प्रभु, छप्पन भोग के दिव्य दर्शनों से निहाल हुए श्रद्धालु

## 21 हजार किलो व्यंजनों का गिरिराज जी को लगाया भोग, देर रात तक उमड़ता रहा भक्तों का सैलाब

वेलकम इंडिया संवाददाता





**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज तलहटी में आयोजित अलौकिक छप्पन भोग महोत्सव में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। चांदी एवं सप्त रत्नों से निर्मित कमल पुष्प पर शेषनाग के फन के बीच विराजमान गिरिराज प्रभु के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही दर्शन के पट खुले, हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। भक्त अपने आराध्य को एकटक निहारते रहे और वातावरण गिरिराज महाराज के जयकारों से गूंज उठा। दर्शन के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव में झूमते, नाचते और प्रभु का गुणगान करते दिखाई दिए। छप्पन भोग महोत्सव के दौरान गिरिराज जी को करीब 21 हजार किलो विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। विशाल स्तर पर तैयार किए गए इस भोग में अनेक प्रकार की मिठाइयां, पकवान, फल, मेवे और अन्य प्रसाद शामिल रहे। भोग की भव्यता और आकर्षक सजावट श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। दूर-दूर से आए भक्तों ने प्रभु के दर्शन करने के साथ ही छप्पन भोग की भव्यता को भी निहारा। दोपहर में दर्शन के पट खुलने के बाद देर रात तक श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। छप्पन भोग स्थल तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। भीड़ और लंबी कतारों के बावजूद भक्तों के कदम रुके नहीं। श्रद्धालु घंटों इंतजार करने के बाद भी गिरिराज प्रभु के दर्शन को लेकर उत्साहित नजर आए। पूरे परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

छप्पन भोग के अवसर पर ब्रज क्षेत्र के हजारों साधु-संतों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति की ओर से साधु-संतों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। उन्हें सम्मानपूर्वक प्रसाद ग्रहण कराया गया और समिति की ओर से दान-दक्षिणा भी प्रदान की गई। साधु-संतों की मौजूदगी से आयोजन की धार्मिक गरिमा और बढ़ गई। दर्शन शुरू होने से पहले विधिवत पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। गिरिराज सेवा समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने आरती उतारी, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन खोल दिए गए। जैसे ही भक्तों ने गिरिराज प्रभु का मनोहारी स्वरूप देखा, पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। गिरिराज सेवा समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने कहा कि यह दुर्लभ क्षण था और हर श्रद्धालु इसका साक्षी बनने के लिए आतुर दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि गिरिराज प्रभु के प्रति लोगों की गहरी आस्था और प्रेम ही इस आयोजन में उमड़ी भीड़ का आधार है। श्रद्धालुओं का उत्साह यह दर्शाता है कि ब्रज में गिरिराज महाराज के प्रति लोगों की आस्था कितनी गहरी है। छप्पन भोग महोत्सव में गिरिराज प्रभु के श्रृंगार और भोग की विशेष व्यवस्था की गई थी। चांदी के कमल पुष्प और शेषनाग के फन पर विराजमान प्रभु का स्वरूप श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। दर्शन के दौरान श्रद्धालु मोबाइल कैमरों से इस मनोहारी दृश्य को अपने साथ संजोते भी नजर आए। कई श्रद्धालु हाथ जोड़कर काफी देर तक प्रभु के सामने खड़े रहे।

आयोजन को सफल बनाने में गिरिराज सेवा समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के संरक्षक राजेंद्र कुमार सर्राफ रुनना, महामंत्री अशोक कुमार आढ़ती, दिनेश सादाबाद, कोषाध्यक्ष भगवान दास खंडेलवाल, देवेश शरण सर्राफ, नीरज गोयल, मुख्य संयोजक राघवेंद्र गर्ग, संयोजक अनमोल बंसल, संयोजक बांके बिहारी सोनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक कन्नू अग्रवाल, दिनेश मंगल, बनवारी लाल अग्रवाल, पंकज जौहरी, अरविंद विसावर, कपिल अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, संजय जिंदल, अमित मर्बिल, लल्लू सिंह, राजीव अग्रवाल, अंकित बंसल और प्रदीप खंडेलवाल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

# किसानों ने सेठ उमेश कुमार मोदी को गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के समस्त गन्ना मूल्य भुगतान दिये जाने पर सम्मानित किया

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदी शुगर मिल से सम्बन्धित प्रमुख किसानों ने सेठ उमेश कुमार मोदी को गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के समस्त गन्ना मूल्य भुगतान दिये जाने पर सम्मानित किया। सम्मानित करने वाले किसानों में राजन चौधरी, चेयरमैन सहकारी गन्ना विकास समिति मोदीनगर, त्यागी उपाध्यक्ष स०व०वि०स० मोदीनगर, अमरजीत विड्डी पूर्व चेयरमैन गन्ना विकास परिषय मोदीनगर, राजकुमार नेहरा, पूर्व चेयरमैन गन्ना समिति मोदीनगर, बज भूषण नेहरा, पूर्व चेयरमैन गन्ना समिति, बेगमाबाद बुदाना सतपाल तेवतिया, पूर्व डायरेक्टर किल्हीडा स०व०वि०स०, विजेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, गाजियाबाद, रामोतार त्यागी, उपाध्यक्ष, राजकुमार दुहाई, जितेन्द्र कुमार उर्फ बिट्टू खंजरपुर, लोकेन्द्र कुमार, खंजरपुर, नेपाल सिंह, काजमपुर, व दीपक त्यागी, खिमावती, लीलू प्रधान, फफराना, अमित कुमार, विधापुर एवं रविन्द्र त्यागी, सौन्दा आदि किसान रहे। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सेठ उमेश कुमार मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अपरिहार्य कारणों से किसानों को भुगतान करने में देरी रही परन्तु किसानों के सकारात्मक सहयोग से गन्ना मिल की समस्याओं का समाधान हो पाया।

इसके लिए क्षेत्र के सभी किसान धन्यवाद के पात्र हैं। श्री मोदी ने कहा कि मोदीनगर में पिछले वर्षों में कुछ उद्योग बन्द हुए हैं। यह उद्योग मेरे पिता राय बहादुर गूजर मोदी द्वारा स्थापित किये गये थे परन्तु अब मोदी इन्ड्रस्टीज में प्रतिवर्ष एक नये उद्योग की पुनः स्थापना की जा रही है तथा मोदीनगर के क्षेत्र के नौजवानों को रोजगार प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। किसान नेता सतपाल तेवतिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज मोदीनगर को विकास का जिम्मा सेठ उमेश कुमार मोदी के कंधो पर है जो नगर को उसकी पुरानी पहचान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं।

सभी ने एक स्वर से सेठ उमेश मोदी द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। जिसमें विशेष रुप से प्रतिदिन निःशुल्क भण्डारा का आयोजन तथा निःशुल्क अस्पताल की स्थापना प्रमुख है। इस अवसर पर मिल प्रबन्धन की ओर से भी एन० पी० बंसल, वेदपाल मलिक, राहुल त्यागी, शोभित नेहरा व डी० डी० कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## डेटिंग ऐप पर फर्जी हसीना बनकर बिछाते थे ठगी का जाल, चार गिरफ्तार



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों को डेटिंग ऐप के जरिए अपने जाल में फंसाकर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों राहुल गुप्ता, मणिकान्त, मोहित और विशाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन और सुजुकी फ्रोंक्स कार बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी Tinder, Happn और Twogether जैसे डेटिंग ऐप पर लड़कियों के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाते थे। इसके बाद लोगों से चैटिंग कर उन्हें विश्वास में लेते और अलग-अलग तरीकों से ठगी करते थे। गिरोह द्वारा दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में कई लोगों को निशाना बनाए जाने की आशंका है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। बरामद कार का पंजीकरण नंबर UP14GR0356 है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों, ठगी की रकम और अब तक की वारदातों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह स्मारक जनता इंटर कॉलेज में आभार एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** राष्ट्रीय लोकदल जनपद गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में पतला स्थित स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह स्मारक जनता इंटर कॉलेज में विजेन्द्र सिंह सोनी को इंटर कॉलेज के नवनियुक्त प्रधानाचार्य बनाए जाने पर उनका स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति से आग्रह किया गया कि सभी सदस्य एकजुट होकर प्रधानाचार्य का सहयोग करें, ताकि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करे और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो। इसके पश्चात जनता पीजी कॉलेज, पतला का नाम 'चौधरी अजित सिंह जनता पीजी कॉलेज' किए जाने के ऐतिहासिक निर्णय पर चर्चा हुई।

इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी जयंत सिंह के प्रयासों से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही भावनाओं को सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कॉलेज के नामकरण को स्वीकृति दिए जाने से क्षेत्रवासियों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।

इस निर्णय के लिए एनडीए सरकार के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह कॉलेज के प्राचार्य अतुल कुमार गोयल ,नगर पंचायत पतला के अध्यक्ष पति देवेंद्र कुमार , पूर्व अध्यक्ष सुबोध कुमार , चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक चौधरी सतपाल सिंह ,अशोक कुमार, रालोद पतला नगर अध्यक्ष मनीष जांगड़ा , मोनू पुत्र बलवीर, राजेंद्र चिकारा , कृष्ण पाल चिकारा, मनोज त्यागी नगर अध्यक्ष, सीताराम सैन , नगर महासचिव, प्रवीण राणा जी सहित अनेक गणमान्यजन एवं साथी उपस्थित रहे।

## अंश संशोधन से संबंधित समस्याओं को देखते हुए तहसील में 26 सितंबर को विशेष कैंप का आयोजन



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** उपजिलाधकारी श्रीमती कोमल पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 26/09/2026 को बार एसोसिएशन मोदीनगर के प्रस्ताव एवं जनमानस की अंश संशोधन से संबंधित समस्याओं को देखते हुए, तहसील सभागार में सुबह 10:00 बजे से सायं 5 बजे तक विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। बार एसोसिएशन मोदीनगर ने उपजिलाधिकारी को दिए गए एक पत्र में कहा था कि आर टी के खतौनी बनने के उपरान्त बहुत सी खतौनी में किसानों के गलत अंश दर्ज हो गये हैं जिससे बहुत सी बार वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है तथा बहुत सी खतौनी में किसानों के अंश आज तक भी नहीं खुल पायें हैं तथा बहुत सी खतौनी में पूर्व आदेशों का अनुपालन भी आर टी के खतौनी बनाते समय नहीं किया गया है। जिस कारण बहुत सी नामान्तरण की पत्रावलीयाँ उक्त कारणों से लम्बित रह रही है। जिससे किसानों/वादकारियों को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड रहा है। न्यायहित में उक्त समस्याओं के निस्तारण के लिये तहसील प्रशासन की तरफ से जनहित में किसानों/वादकारियों को सुलभ न्याय हेतु तहसील में कैम्प लगाकर उक्त समस्याओं का निस्तारण किया जा सकता है।

## महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव समारोह आयोजित करने के लिए किया विचार-विमर्श



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य-संगठन के सम्मानित राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल के आह्वान पर, अंतराष्ट्रीय वैश्य-संगठन मोदीनगर के तत्वावधान में 11 अक्टूबर 2026 को सांय 7 बजे तहसील मोदीनगर पिलर नं 1287 के सामने स्थित एक्शन रिसोर्ट में अग्रशिरोमणि श्री श्री 1008 श्री श्री महाराजा अग्रसेन जी का जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विचार-विमर्श एक्शन रिसोर्ट में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता, संरक्षक राकेश गोयल , संरक्षक डॉ० अनिल गर्ग , उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल, कोषाध्यक्ष श्री राजेश गुप्ता, चेतन माहेश्वरी , डॉ प्रमोद कुमार गर्ग, सुरेश चंद सिंघल आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में इनके अलावा उपस्थित लोगों में स्वयं गुप्ता अंकित सिंघल, अजय गुप्ता, अरविंद गर्ग, गौरव सिंघल, अरविंद गुप्ता, आदित्य कंसल, अमित गोयल, (अशोक वस्त्र भंडार वाले) आदि महत्वपूर्ण लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से डॉ प्रमोद कुमार गर्ग को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य-संगठन मोदीनगर का महामंत्री नियुक्त किया गया।

## राजकीय हाई स्कूल अतरौली में पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** राजकीय हाई स्कूल अतरौली गाजियाबाद में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा बनाए गए आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टरों को प्रदर्शित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर तथा प्रवक्ता प्रेम चौधरी खंजरपुर रहे। मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह तोमर ने छात्र छात्राओं की रचनात्मकता, मेहनत और सुंदर प्रस्तुति की खूब सराहना की। मास्टर प्रेम चौधरी खंजरपुर में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के हौसले की प्रशंसा की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रुचि शर्मा ने छात्र-छात्राओं के उत्साह और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनको समाज सेवा एवं जागरूकता का सकारात्मक संदेश भी दिया।

विद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ उमा मिश्रा, श्रीमती एकता अग्रवाल श्रीमती कोमल कुमारी तथा डॉ नेहा शर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# टोकन वापसी की व्यवस्था पर बार एसोसिएशन ने जताई आपत्ति

### उपजिलाधिकारी को पत्र भेजकर चार बजे से पहले टोकन वापस न किए जाने की मांग

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तहसील मोदीनगर में बैनामा एवं अन्य दस्तावेजों के पंजीकरण को लेकर चल रही टोकन व्यवस्था पर बार एसोसिएशन ने सवाल उठाए हैं। बार एसोसिएशन मोदीनगर के अध्यक्ष रामकुमार चौधरी एडवोकेट ने उपजिलाधिकारी को पत्र भेजकर टोकन व्यवस्था में सुधार किए जाने तथा कथित अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की है।

बार एसोसिएशन की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि कई अधिवक्ताओं की ओर से शिकायत सामने आई है कि कुछ अधिवक्ताओं एवं बैनामा लेखकों द्वारा टोकन पहले ही प्राप्त कर लिए जाते हैं और उनका कथित रूप से अनाधिकृत तरीके से इस्तेमाल किया जाता है। एसोसिएशन का कहना है कि इससे आमजन और अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पत्र में टोकन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा कथित कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की गई है। एसोसिएशन ने कहा कि यदि किसी वसीयतकर्ता के लिए निर्धारित तिथि पर उपस्थित होना संभव नहीं है तो संबंधित टोकन को तत्काल बंद किया जाए।

साथ ही वसीयतकर्ता की उपनिबंधक कार्यालय के समक्ष उपस्थिति सुनिश्चित कराने की व्यवस्था की जाए, जिससे टोकन का गलत प्रयोग न हो सके। बार एसोसिएशन ने उपजिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेते हुए उपनिबंधक मोदीनगर को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। विशेष रूप से चार बजे से पहले टोकन वापस न किए जाने की व्यवस्था लागू कराने की मांग की गई है।

इस मांग को लेकर विशाल शर्मा एडवोकेट, रामकुमार चौधरी एडवोकेट, नकुल त्यागी एडवोकेट, राजकुमार गुप्ता एडवोकेट, राजकुमार चौधरी एडवोकेट, जगबीर चौधरी एडवोकेट, विनोद तवतिया एडवोकेट, राखी त्यागी एडवोकेट और रविंद्र चौधरी एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार की मांग की है।

## नगर में धूमधाम से निकली गणेश विसर्जन यात्रा, बप्पा को विदाई देते समय छलकी श्रद्धालुओं की आंखें

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** निवाड़ी रोड स्थित डिफेंस कॉलोनी में गणेश विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को धूमधाम और श्रद्धा के साथ विदाई दी। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकली विसर्जन यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बप्पा की विदाई के समय कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और माहौल भावुक हो गया।

कार्यक्रम में विलियम चौधरी, जगदीश सक्सेना, बबलू चौधरी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और सरदार समाज के लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए विसर्जन यात्रा में भाग लिया।

इस मौके पर विलियम चौधरी ने कहा कि गणेश जी विघ्नहर्ता हैं और किसी भी शुभ कार्य से पहले उनकी पूजा की जाती है। गणेश विसर्जन का पर्व सभी के लिए हर्ष और उल्लास का अवसर है, जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। जगदीश सक्सेना ने श्रद्धालुओं से विसर्जन के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि गणेश प्रतिमा का विसर्जन पूरी सावधानी और सूझबूझ के साथ किया जाना चाहिए। वहीं बबलू चौधरी ने कहा कि गणेश विसर्जन का पर्व आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ मनाना चाहिए। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को विदाई दी।

## आइफा में सीनियरों ने किया फ्रेशर्स का स्वागत



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर( आइफा ) में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग , सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छठा बिखेर कर समा बांध दिया` इस कार्यक्रम में सीनियर छात्र-छात्राओं ने नवांतक छात्र-छात्राओं को कलवा व चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया एवं उनके स्वागत के लिए स्वयं निर्मित एक भव्य स्टेज भी तैयार की। नवांतक छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति के अनुसार मंच पर जाकर अपना परिचय देकर सीनियरों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ संस्थान के शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात नवांतक छात्राओं को एक-एक करके स्टेज पर बुलाया। सभी ने अपना परिचय देकर अपनी अपनी प्रतिभा अनुसार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन परी जैन, राशि, आदित्य शर्मा, सृष्टि ने किया।

कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल ने मिस्टर फ्रेशर हिमांशु सिंह एवं मिस फ्रेशर तन्वी प्रधान एवं मिस्टर रनरअप अभिमन्यु शर्मा मिस रनरअप मनस्वी कौशिक चुनी गई। कार्यक्रम कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी भौतेंद्र कुमार , अमित कुमार बंसल . डॉ रूचि विद्यार्थी ,दीपांशु,प्रशांत , आशीष शर्मा, शीतल , स्वीटी, पलक आदि का सहयोग रहा।

## लिंक रोड में लाखों की चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार; 25-30 लाख के जेवर बरामद



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना लिंक रोड पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 29 हजार रुपये नकद, चोरी किए गए सामान व आभूषण बरामद किए हैं। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 25 से 30 लाख रुपये बताई गई है। घटना में इस्तेमाल पेचकस और सरिया भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 19 सितंबर को रामप्रस्थ कॉलोनी निवासी प्रदीप गुप्ता ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर से नकदी, सामान और आभूषण चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर थाना लिंक रोड में बीएनएस की धारा 305(E)/331(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया।

सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट के आधार पर पुलिस ने 24 सितंबर को अली मोहम्मद उर्फ अलीमुद्दीन (36) निवासी सीमापुरी, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी से चोरी का माल बरामद होने के बाद मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## गोल्ड लोन की प्रक्रिया को लेकर बैंक में महिला ग्राहक और कर्मचारी में विवाद

### अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप; सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आरडीसी राजनगर स्थित एचडीएफसी बैंक में गोल्ड लोन की प्रक्रिया को लेकर महिला ग्राहक और महिला बैंक कर्मचारी के बीच विवाद का मामला सामने आया है। बैंक कर्मचारी नेहा चौधरी ने कविनगर थाने में शिकायत देकर महिला ग्राहक पर अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, 22 सितंबर को दोपहर करीब दो से चार बजे के बीच महिला ग्राहक गोल्ड लोन लेने बैंक पहुंची थी।

बैंक कर्मचारियों ने उसे नियमों और लोन प्रक्रिया की जानकारी दी। आरोप है कि प्रक्रिया शुरू होने के बाद ग्राहक कर्मचारियों से विवाद करने लगी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। समझाने के बावजूद विवाद बढ़ता गया और कर्मचारी को धमकी देने के साथ बैंक के काम में बाधा उत्पन्न करने का आरोप है। कर्मचारी के मुताबिक, बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है। शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

# अमित शाह ने किया यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ, बोले- निवेश और उद्योग का नया केंद्र बना यूपी









कपिल चौहान

**गौतमबुद्धनगर (वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में शुक्रवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 के चौथे संस्करण का शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। 25 से 29 सितंबर तक चलने वाले ट्रेड शो में 2400 से अधिक एग्जिबिटर्स और करीब 90 देशों से 600 से अधिक विदेशी खरीदारों के शामिल होने की संभावना है। अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश, उत्पादन, व्यापार और नवाचार का प्रमुख केंद्र बन रहा है तथा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

डिफेंस कॉरिडोर, बेहतर कानून-व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ने प्रदेश में निवेश का माहौल बदला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपीआईटीएस पारंपरिक उद्यमों, कारीगरों, युवाओं और एमएसएमई को वैश्विक मंच दे रहा है। ओडीओपी के जरिए स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिला है। कार्यक्रम में 'एक जनपद, एक व्यंजन' पोर्टल का शुभारंभ भी किया गया।

## 'अंत्योदय' के संकल्प के साथ भाजपा ने मनाई दीनदयाल उपाध्याय की जयंती




कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर भाजपा गाजियाबाद महानगर की ओर से नेहरू नगर स्थित महानगर कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके राष्ट्र निर्माण के विचारों, अंत्योदय की अवधारणा और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के संकल्प को याद किया गया। मयंक गोयल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र निर्माण को समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण से जोड़ा और अंत्योदय की विचारधारा को आगे बढ़ाया। उन्होंने कार्यकताओं से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने संस्कृत सुभाषित के माध्यम से निरंतर प्रयास और पुरुषार्थ के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में पंकज भारद्वाज, गौरव चोपड़ा, प्रदीप चौहान, रनीता सिंह, अमित रंजन, नीरज शर्मा, सुषमा गंगवार, मेहताब त्यागी और वरुण शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वच्छता के लिए एकजुट हुए बच्चे और नागरिक, 157 घंटे का अभियान शुरू








कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत जिले में 157 घंटे निरंतर चलने वाले सतत महा सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान में बच्चों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत आयोजित नुक्कड़ नाटक और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कलाकारों ने नाटक के जरिए साफ-सफाई के महत्व, कूड़े के उचित निस्तारण और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फैलाने का संदेश दिया। नागरिकों से भी स्वच्छता को अपनी दैनिक जिम्मेदारी बनाने की अपील की गई।

आयोजकों ने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण में प्रशासन के साथ आमजन की सहभागिता बेहद जरूरी है। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। 'स्वच्छ गाजियाबाद, हम सबकी जिम्मेदारी' का संदेश अभियान के दौरान प्रमुखता से दिया गया।

# गणेश विसर्जन को लेकर पुलिस अलर्ट, गंगनहर घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गणेश मूर्ति विसर्जन यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने एसीपी मसूरी और थाना मुरादनगर प्रभारी के साथ मुरादनगर क्षेत्र के गंगनहर घाटों और विसर्जन मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया।

डीसीपी ग्रामीण ने अधिकारियों को विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ और वाहनों के दबाव को देखते हुए रूट डायवर्जन तथा यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाए रखने को कहा।

साथ ही विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने का भरोसा दिलाया।

## रास्ता रोकने पर टोका तो बेकरी कारोबारी को उठाकर सड़क पर पटका

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रास्ता रोककर खड़ी ऑडी कार हटाने के लिए कहना बेकरी कारोबारी को भारी पड़ गया। आरोप है कि कार सवार चार युवकों ने कारोबारी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और मुख्य आरोपी ने उसे उठाकर सड़क पर पटक दिया। इस पूरी घटना का वीडियो गुरुवार को सोशल साइट्स पर वायरल हो गया। पीड़ित ने आरोपियों पर सिर में पत्थर से जानलेवा हमला करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगी हैं। इंदिरापुरम के नीतिखंड स्थित सोसायटी निवासी कार्तिक खरबंदा ने पुलिस को बताया कि वह हर्षा सिटी मॉल के पास अपनी मित्र की गाड़ी से जा रहे थे। इसी दौरान बीच सड़क पर सफेद रंग की ऑडी कार खड़ी थी। रास्ता बाधित होने पर उन्होंने कार हटाने के लिए कहा।

# आरडीसी में जीडीए की सुस्ती पर भारी पड़ी डिप्टी मेयर की सक्रियता

## शिकायत मिलते ही पार्क की सफाई शुरू, पार्किंग पर कथित अवैध कब्जों के खिलाफ भी कार्रवाई






वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** आरडीसी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था और पार्किंग स्थलों की स्थिति को लेकर एक बार फिर जीडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि जीडीए के अंतर्गत आने वाले आरडीसी क्षेत्र में नियमित सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है और शिकायतों पर भी अपेक्षित सुनवाई नहीं होती। इसके उलट नगर निगम के डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी ने जनता की परेशानी सामने आते ही तत्काल सक्रियता दिखाई। पार्क में गंदगी और सफाई की समस्या उनके संज्ञान में लाई गई तो उन्होंने क्षेत्र जीडीए के अंतर्गत होने की बात कहकर मामले से पल्ला नहीं झाड़ा, बल्कि तत्काल सफाई कर्मचारियों को भेजकर पार्क की सफाई शुरू करवा दी। यही नहीं, आरडीसी की पार्किंग में कार सेल-परचेज से जुड़े लोगों द्वारा किए गए कथित अवैध कब्जों को लेकर भी कार्रवाई देखने को मिल रही है। पिछले चार दिनों से संबंधित वाहनों के लगातार चालान किए जाने की बात सामने आई है। अब सवाल यह है कि जब दूसरे निकाय का जनप्रतिनिधि जनता की परेशानी देखकर तत्काल समाधान के लिए आगे आ सकता है, तो आरडीसी की जिम्मेदारी संभालने वाला जीडीए अपनी मूल जिम्मेदारियों को लेकर इतना उदासीन क्यों दिखाई देता है? आखिर सफाई जैसी बुनियादी व्यवस्था के लिए भी लोगों को दूसरे विभाग के जनप्रतिनिधि से गुहार क्यों लगानी पड़ रही है? जनता की समस्या को विभागों और अधिकार क्षेत्र के बीच उलझाने के बजाय उसका तत्काल समाधान कराने का प्रयास डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी की सक्रिय कार्यशैली को दशार्ता है। जनहित के प्रति उनकी तत्परता प्रशंसनीय है, वहीं आरडीसी की सफाई व्यवस्था को लेकर जीडीए को भी अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

# 17 वर्षों की साधना पूर्ण कर गाजियाबाद पहुंचे संतोष नन्दन जी महाराज, दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब






कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** 17 वर्षों की कठिन साधना पूर्ण करने के बाद हरिद्वार से गाजियाबाद पहुंचे पीताम्बरा देवी के उपासक पूज्य संतोष नन्दन जी महाराज का वैशाली स्थित होटल इन में श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। महाराज श्री के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भक्त उनके दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंच गए। श्रद्धालुओं ने पुष्पमालाएं अर्पित कर उनका भावपूर्ण अभिनंदन किया। महाराज श्री के आगमन से होटल परिसर भक्तिमय हो गया। दिनभर श्रद्धालुओं का दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए तांता लगा रहा। इस अवसर पर महाराज श्री ने भक्तों एवं शिष्यों को सद्भावना, सत्कर्म और निष्ठा के मार्ग पर अडिग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन हों, मनुष्य को अच्छे कर्म और सच्चे मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब हमारी ईष्ट में निष्ठा होती है, तो निष्ठा में ही प्रतिष्ठा होती है।' महाराज श्री के प्रेरणादायी वचनों से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। होटल परिसर में देर तक श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

## शहर विधानसभा में जल्द खुलेगा आधार सेंटर, विधायक की पहल पर प्रशासन ने बढ़ाए कदम

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर विधानसभा क्षेत्र में आधार कार्ड से जुड़ी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की पहल तेज हो गई है। विधायक संजीव शर्मा की मांग पर जिला प्रशासन ने क्षेत्र में आधार सब-सेंटर अथवा आधार स्टेशन स्थापित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी क्षेत्र में आधार संबंधी सेवाओं का केंद्र नहीं होने के कारण लोगों को साहिबाबाद जाना पड़ता है। इससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और बच्चों को विशेष परेशानी होती है। विधायक संजीव शर्मा ने 23 अगस्त 2026 को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शहर विधानसभा क्षेत्र में आधार केंद्र स्थापित कराने की मांग की थी। इसके बाद जिलाधिकारी ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI),



क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के उप महानिदेशक को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा है। विधायक ने कहा कि आधार जैसी जरूरी सेवा के लिए लोगों को दूसरे विधानसभा क्षेत्र में न जाना पड़े, यही प्रयास है। केंद्र स्थापित होने से आधार बनवाने और संशोधन कराने के लिए लोगों को स्थानीय स्तर पर सुविधा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के समक्ष लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

## खोड़ा में महिला और दो साल की बेटी की संदिग्ध मौत, पति हिरासत में




कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** खोड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को किराए के मकान में रह रही महिला और उसकी दो वर्षीय बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। सूचना वढ-112 के माध्यम से चौकी बीरबल क्षेत्र में मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक मृतका मूल रूप से उन्नाव की रहने वाली थी, जबकि उसका पति अनिरुद्ध हरदोई का निवासी है। दोनों खोड़ा क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे थे। घटना के बाद पुलिस ने पति अनिरुद्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस आसपास रहने वाले लोगों से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।